हरिभूमि
# रायपुर भूमि





- प्लेटफॉर्म से कोच तक शुक्रवार को रही भीड़, मेमू और जेडी पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ा दबाव
- बसों में ठसाठस भीड़, इंतजार से बचने लोकल ट्रेन बनी सहारा

## अभनपुर लोकल को भी मिला फायदा

त्योहारी भीड़ का लाभ अभनपुर लोकल ट्रेन को भी मिला। आमतौर पर इस ट्रेन में दिनभर में 60 से 70 यात्री ही सफर करते थे, लेकिन इस बार बसों में भीड़ से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने ट्रेन का रुख किया। रायपुर और मंदिर हसौद से यात्रियों ने अभनपुर के लिए यात्रा की। बीते दो दिनों में इस रूट पर रोजाना 150 से 200 अधिक यात्री सफर कर रहे हैं और आज भी यात्रियों की आवाजाही ज्यादा रहने की संभावना है।

# रक्षाबंधन पर लोकल ट्रेनें 'हाउसफुल', आरक्षित कोच भी ठसाठस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रक्षाबंधन से एक दिन पहले शुक्रवार को दर्जनों लोकल ट्रेनें यात्रियों से हाउसफुल रहीं। सुबह से रात तक प्लेटफॉर्म पर हर ओर भीड़ का आलम रहा। सामान्य दिनों की तुलना में लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अधिक रही। मेमू और जेडी पैसेंजर ट्रेनों में छोटे शहरों का रुख करने वाले यात्री खड़े-खड़े सफर करने को मजबूर रहे। रायपुर से गुजरने वाली दर्जनभर लोकल ट्रेनों में रायपुर से बिलासपुर, डोंगरगढ़, गोंदिया और झारसुगुड़ा जाने वाले ⏭ शेष पेज 15 पर



## रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी ने पकड़ी रफ्तार

रक्षाबंधन के मौके पर रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ने भी रफ्तार पकड़ ली है। अमरकंटक एक्सप्रेस की तुलना में यात्रियों की बुकिंग में तेजी आई है। रायपुर से बालाघाट, नैनपुर और जबलपुर के लिए शुक्रवार को बड़ी संख्या में यात्रियों ने सफर किया। भीड़ बढ़ने के साथ ही टिकट बुकिंग काउंटर और ऑनलाइन रिजर्वेशन दोनों में रिकॉर्ड बुकिंग दर्ज हुई। जानकारी के मुताबिक, इंटरसिटी का राजस्व भी लगातार बढ़ रहा है और लंबी दूरी की ट्रेनों के बीच यह मंडल के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। जानकारी मुताबिक इंटरसिटी का राजस्व में हर दिन बढ़ता रहा है। लंबी दूरी की ट्रेनों की यह ट्रेन मंडल के लिए फायदेमंद ट्रेन साबित होने लगी है।

## खबर संक्षेप

### दामाद ने पत्नी और सास पर किया रॉड से हमला

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक महिला ने अपने दामाद के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रानी अली ने अपने दामाद अंकुश शर्मा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रानी ने



पुलिस को बताया कि पति की मौत के बाद उसका दामाद उसके साथ रहता है। बुधवार को अंकुश शराब के नशे में घर पहुंचा और जोर-जोर से दरवाजा पीटने लगा। रानी ने अपने दामाद के नशे की हालत में होने की वजह से दरवाजा नहीं खोला तो अंकुश जबरन घर में प्रवेश कर अपनी सास तथा पत्नी पर रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### मालवीय रोड की दुकान से बेल्ट-रेनकोट चोरी

रायपुर। गोलबाजार थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ आठ हजार रुपए से ज्यादा कीमत के बेल्ट, रेनकोट चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मालवीय रोड स्थित बाबूलाल कांप्लेक्स में बेल्ट, रेनकोट तथा अन्य फैंसी आयटम के कारोबारी विनोद मैनानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर विनोद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर दुकान के पीछे की तरफ की जाली तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और बोरी में रखे रेनकोट तथा बेल्ट चोरी कर ले गया।

### शराब पीने पैसे देने से इंकार, युवक को पीटा

रायपुर। धरसींवा थाने की सिलतरा चौकी में एक युवक ने बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बबलू भुइंया ने



मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बबलू ने पुलिस को बताया कि बुधवार को वह बिलासपुर रोड पर पैदल घर जा रहा था। एक ढाबे के पास बाइक सवार तीन बदमाश बबलू के पास पहुंचे और उससे शराब पीने पैसों की मांग करने लगे। इंकार करने पर बदमाशों ने बबलू के साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए। अंधेरा होने की वजह से बबलू बदमाशों को पहचान नहीं पाया।

### शराब पीने पैसे नहीं दिए तो किया चाकू से हमला

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक महिला ने अपने पति के परिचित के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विजय नगर निवासी सोनम ध्रुव ने शिशान मंडावी के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति तथा बच्चों के साथ एक छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। कार्यक्रम से वापस लौटते समय सोनम तथा उसका परिवार जिस ऑटो में लौट रहे थे। उस ऑटो को शिशान ने रुकवाकर महिला के पति से शराब पीने पैसों की मांग की। इंकार करने पर शिशान ने घर पहुंचकर सोनम के पति पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।

## पुलिस आरोपियों की संपत्ति की जांच में जुटी, मामले में कई रईसजादों के नाम आ रहे सामने

# ड्रग तस्करी का पाक कनेक्शन, चार एजेंसियां करेंगी जांच, पांच को फिर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक करोड़ रुपए के ड्रग तस्करी मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस को ड्रग तस्करी में कई सफेदपोश लोगों के शामिल होने की जानकारी मिल रही है। जिनके नाम सामने आ रहे हैं, उनमें ज्यादातर रईसजादे हैं। ड्रग तस्करी के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की वजह से केंद्रीय एजेंसी आईबी के साथ नारकोटिक्स क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम के साथ राज्य की एटीएस जांच में जुट गई है। पुलिस सहित ड्रग तस्करी की जांच अब चार एजेंसियां कर रही हैं। आरोपियों से पूछताछ करने पुलिस ने पूर्व में ली गई तीन आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश कर उन तीनों सहित अन्य दो से पूछताछ करने पुनः तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल की है।

हरिभूमि फॉलोअप

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के अनुसार ड्रग तस्करी मामले में जिन लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, उनकी तस्दीक कराई जा रही है। तस्दीक होने के बाद संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ड्रग तस्करों से जिन लड़कों के नाम मिले हैं, उनमें से ज्यादातर संपन्न वर्ग के हैं। साथ ही देश के साथ महानगरों के क्लब में जाने के शौकीन लड़के हैं। स्थानीय तस्करों से उन लड़कों का संपर्क पढ़ाई के दौरान हुआ है या फिर किसी पार्टी के आयोजन में हुआ है, इसकी पतासाजी की जा रही है।

### केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसियां कर रहीं पड़ताल

#### संपत्ति की जांच

ड्रग तस्करी से जुड़े आरोपियों की पुलिस ने संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों के बैंक डिटेल निकालकर उनके अकाउंट में हर माह कितने का ट्रांजेक्शन होता था, इसकी जानकारी हासिल करने बैंक को सोमवार को पत्र लिखेगी। इसके साथ तस्कर जिन म्यूल अकाउंट के माध्यम से ड्रग की रकम ट्रांजेक्शन करते थे, उन म्यूल अकाउंट के खाताधारकों की पुलिस जानकारी जुटा रही है।



रायपुर में पकड़ी गई एक करोड़ की ड्रग्स, पाक कनेक्शन आया सामने



दोस्तों के साथ शराब पीते-पीते ड्रग एडिक्ट हुआ, फिर बन गया तस्कर

#### वायरल वीडियो में जनप्रतिनिधि का बेटा

पिछले दिनों कार तथा फार्महाउस में तीन लड़कों के ड्रग लेने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में एक युवक की पहचान एक जनप्रतिनिधि के बेटे के रूप में हुई है। पुलिस की एक टीम जल्द ही उस जनप्रतिनिधि के बेटे से संपर्क कर पूछताछ करेगी। साथ ही उसके माध्यम से जानकारी जुटाने की कोशिश करेगी कि उन्हें ड्रग देने वाला कौन है।

#### इन पांच की पुलिस ने ली रिमांड

ड्रग तस्करी मामले में पूछताछ करने पुलिस ने पाकिस्तान से ड्रग मंगाने वाले पंजाब निवासी लवजीत सिंह उर्फ बंटी के साथ राजनांदगांव निवासी सुवित श्रीवास्तव, महाराष्ट्र, गोदिया निवासी अनिकेत मालधरे, टाटीबंध निवासी मुकेश सिंह तथा जुनैद उर्फ शेख चिला को रिमांड पर लिया है। रायपुर सहित आसपास के शहरों में ड्रग फैलाने का काम इन पांचों आरोपियों द्वारा किया जाता था। इस वजह से पुलिस इन तीनों से विस्तृत पूछताछ करने रिमांड हासिल की गई है। पूर्व में पुलिस ने मुकेश, सुवित तथा लवजीत की तीन दिन की रिमांड ली थी।

#### केंद्रीय एजेंसी ने की पूछताछ

जिन पांच लोगों की पुलिस ने रिमांड हासिल की है, वे सभी तस्कर टिकरापारा थाने में हैं। बताया जा रहा है, नारकोटिक्स के साथ आईबी की टीम ने शुक्रवार को लवजीत के साथ लंबी पूछताछ की है। एटीएस की टीम लवजीत को छोड़ अन्य चार से उनके राज्य तथा राज्य के बाहर के लोगों के साथ संपर्क के बारे में शनिवार को पूछताछ करेगी। आईबी की टीम ने लवजीत के पाकिस्तान के संपर्कों के बारे में पूछताछ की है।

# मुलाकाती कक्ष में जबरन प्रवेश, शोएब पर केस

- वकीलों के मुलाकाती कक्ष में जबरन प्रवेश करने पर एफआईआर
- दो दिन पूर्व शोएब का जेल में किसी भी बंदी से मिलने तीन महीने रोक लगाने जेल प्रशासन ने जारी किया है आदेश



शोएब मुलाकाती कक्ष में जबरन घुसा, जेल प्रशासन ने किसी भी बंदी से मिलने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय जेल रायपुर में बंद शराब घोटाले का सरगना अनवर ढेबर से जबरन मिलने की कोशिश करने पर उसके बेटे शोएब के खिलाफ जेल प्रशासन ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दो दिन पूर्व जेल सुपरिंटेंडेंट ने आदेश जारी कर शोएब का जेल में किसी भी बंदी से मिलने तीन महीने तक रोक लगाने का आदेश जारी किया है। शोएब के खिलाफ पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा, बलात प्रवेश तथा गाली-गलौज करने पर बीएनएस की धारा 296, 329 तथा 221 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जेल सूत्रों के मुताबिक वकील अपने मुवक्किल अनवर ढेबर से मिलने के लिए गया था। इस दौरान शोएब ढेबर भी वकील के साथ चला गया। मुलाकाती कक्ष में वकील के पहुंचने पर शोएब भी जबरन उसके पीछे अपने पिता से मिलने चला गया। इस दौरान जेल प्रहरियों ने सोएब को रोकने की कोशिश की, तो उसने जेल प्रहरियों के साथ ⏭ शेष पेज 15 पर

### विवादों से पुराना नाता

शोएब ढेबर का विवादों से पुराना नाता रहा है। लॉकडाउन के समय एक पुलिसकर्मी को धमकाने के साथ कई अन्य मामलों में अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज है। शोएब के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट की सूची इस प्रकार से है -

- 10 माह पूर्व 28 मई 2024 को एक युवती ने शोएब के खिलाफ साइबर स्टाकिंग का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उक्त केस में पुलिस ने शोएब के साथ उसके पिता अनवर को आरोपी बनाया है।
- 11 माह पूर्व वीआईपी रोड स्थित ज्यूक क्लब में शोएब ढेबर ने एक व्यापारी को थप्पड़ जड़ दिया था। पार्किंग में गाड़ी रिवर्स करने के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस पर शोएब मारपीट पर उतर आया था। कारोबारी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने शोएब को गिरफ्तार किया था।
- चार वर्ष पूर्व आईपी क्लब में शोएब ढेबर और उसके साथियों ने युवकों के साथ मारपीट की थी। घटना की एफआईआर मंदिर हसौद थाने में दर्ज हुई थी। विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हवाई फायरिंग की थी।

# तीन दिन में हत्या के दो मामले, पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मामूली विवाद को लेकर हत्या के मामले आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे ही मामली विवाद में उरला तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में तीन दिन के भीतर एक महिला तथा मजदूर की हत्या करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उरला में पार्क की गई स्कूटी पर बैठने के विवाद के चलते बदमाशों ने एक मजदूर की बेदम पिटाई कर उसे घायल कर दिया था, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घटना में युवक को पत्नी के साथ विवाद करने से रोकने पर ⏭ शेष पेज 15 पर

# हटा मानसून ब्रेक, बस्तर के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ विस्तार की बनी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अरुणाचल प्रदेश और हिमालय की तराई में जाकर ब्रेक की स्थिति में आ चुके मानसून की वापसी हो गई है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। गुरुवार को शहर में भी काफी देर तक पानी गिरा है। आने वाले दिनों में वर्षा के विस्तार की संभावना बन रही है।

- गुरुवार को शहर में काफी देर तक बरसा पानी, दिनभर छाए रहे बादल

राज्य में अगस्त की शुरुआत के बाद पहले सप्ताह में बारिश की गतिविधि थम गई थी। इन सात दिनों में राज्य में केवल 36 मिमी. और रायपुर में 27 मिमी. बारिश हुई थी। द्रोणिका के आगे बढ़ने की वजह से एक तरह से यहां ⏭ शेष पेज 15 पर



### बंगाल की खाड़ी में सिस्टम

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़, देहरादून, खैरी, पटना, बांकुरा, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसके अलावा एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर विस्तारित है। दूसरी द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक बिहार, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग तक मौजूद है। इसके कारण वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा की स्थिति बन सकती है।

## जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई के आसार

# चना बीज घोटाले में अब विभागीय जांच, पहली रिपोर्ट में दो दोषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र के ग्रामों में चना बीज वितरण घोटाला मामले में दोषी पाए गए दो कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह के विरुद्ध अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। इस जांच में पूर्व में अभनपुर एसडीएम स्तर पर की गई। जांच में जो कमी पाई गई है, उसे लेकर विभाग जांच कर रहा है। यह जांच पूरी होते ही कार्रवाई की जाएगी। गोबरा नवापारा ⏭ शेष पेज 15 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### जांच रिपोर्ट की कमी दूर कर रहे

चना बीज घोटाले की पुरानी जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होना तय है, लेकिन जांच रिपोर्ट में कुछ कमी है, जिसे दूर किया जा रहा है।

\- सतीश अवस्थी
जिला कृषि अधिकारी



14 किसानों के बयान नहीं, जांच अधूरी बता लौटा दी चना घोटाले की फाइल

### सामान्य सभा में मामला उठने के बाद भी जागा नहीं विभाग

जिला पंचायत की सामान्य सभा में उपाध्यक्ष संदीप यदु एवं सदस्य यशवंत साहू ने भी इस मामले को उठाया था। इसके बाद विभाग में हड़कंप मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में विभाग के तत्कालीन जिला अधिकारी राजेंद्र कश्यप ने जांच रिपोर्ट में 14 किसानों के बयान नहीं होने का हवाला देकर एक बार फिर मामले को शांत कर दिया और दोबारा घोटाला की जांच कराने की बात कहते रहे।

### 12 लाख का घोटाला

चना बीज घोटाला लगभग 12 लाख रुपए का है। विभाग के अनुसार इस क्षेत्र के ग्रामों में चना की खेती को बढ़ावा देने तथा इसके प्रदर्शन के लिए विभाग ने योजना के तहत 100 हेक्टेयर में फसल लगाने के लिए निशुल्क चना बीज वितरित कराया था। इसके लिए विभाग ने 100 किसानों की सूची भी बनाई थी। इन किसानों को एकड़ के अनुसार चना बीज का वितरण किया जाना था, लेकिन दोनों कृषि विस्तार अधिकारियों ने 100 हेक्टेयर की जगह 6 प्रतिशत से भी कम हेक्टेयर के लिए बीज का वितरण किया, शेष बीज बाजार में बेच दिया। जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा भी हुआ है।




रायपुर ग्रामीण प्रिय विधायक
मा.श्री.
मोतीलाल
साहू जी
09
अगस्त
को
जन्मदिन की
हार्दिक
बधाई
एवं शुभकामनाएं
शुभेच्छुः समस्त ठेकेदार, नगर निगम बिरगांव


09 अगस्त
माननीय श्री
मोतीलाल साहू जी
विधायक रायपुर ग्रामीण विधानसभा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विकास मिश्रा

## खबर संक्षेप



### चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय कार्यशाला में दिए सुझाव

**रायपुर।** लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को समय पर भुगतान और उनके कारोबार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक होटल में आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूक करना था, जो उनके व्यवसाय को बढ़ाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में मदद करती हैं। इस दौरान, सरकारी खरीद में एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने के तरीकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने एमएसएमई के सचिव एससीएल दास को ज्ञापन सौंपकर एमएसएमई फेसीलीटेशन कौंसिल की तरह एमएसएमई ट्रेड फेसिलिटेशन कौंसिल के गठन की मांग की एवं अंतर्राज्यीय माल परिवहन के दौरान अनावश्यक रोक एवं बिना आदेश के दंड वसूली के संबंध में सुझाव दिए।

### पूर्व सभापति को पत्नी शोक निगम ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के पूर्व सभापति और छत्तीसगढ़ राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा की पत्नी मंजू विश्वकर्मा के आकस्मिक निधन पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, सरिता आकाश दुबे, अनामिका सिंह, सुमन अशोक पाण्डेय, गायत्री सुनील चंद्राकर, संजना हियाल, महेंद्र खोडियार, अवतार भारती बागल, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, खेम कुमार सेन सहित सभी जोन अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए मृतात्मा की आत्मा को शान्ति प्रदान करने और परिवारजनों, ईष्ट मित्रगणों, सहयोगियों को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने विनम्र प्रार्थना की।

### विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया



**रायपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक मनाया गया। इसका उद्देश्य मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करना और शिशुओं को रोगों से बचाना था। स्तनपान सप्ताह अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में आरंग ब्लॉक में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। एमसीएच नोडल डॉ प्रीति नारायण ने कहा कि स्तनपान न केवल शिशु के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि माँ के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। इससे शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और माँ को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है।खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विजय लक्ष्मी अनंत ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न अस्पतालों और संगठनों द्वारा स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### बाल मधुमेह पर कार्यशाला हुई

**रायपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में एनपीएनसीडी कार्यकम अंतर्गत टाइप 1 डायबिटीज से प्रभावित व्यक्तियों के पहचान एवं उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय कार्य शाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल ऑफिसर एवं नर्सिंग स्टॉफ एवं द्वितीय बैच में आरबीएस टीम एवं नोडल अधिकारी डॉ श्वेता सोनवानी उपस्थित रही। मास्टर ट्रेनर के रूप में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ निलय मोझरकर, डॉ प्रतिभा शर्मा,एनसीडी मेडिकल ऑफिसर डॉ कविता पटेल कंसलटेंट, कबीर सीकरी, एसके साहिल, अनिरुद्ध भार्गव के द्वारा प्रशिक्षण दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए भाजपा ने गुजरात, महाराष्ट्र और यूपी से मंगाए तिरंगे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रदेश में 50 लाख स्थानों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए घरों से लेकर दुकानों, संस्थानों में भी तिरंगा फहराया जाएगा। प्रदेश में इतनी संख्या में तिरंगा नहीं बनता है, इसलिए भाजपा ने तिरंगा फहराने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और उप्र से तिरंगे मंगाए हैं।

**मंत्री, विधायक, सांसद से लेकर हर जनप्रतिनिधि की भागादारी तय**





भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस साल भी हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश के लिए तय किया है। ऐसे में अपने राज्य छत्तीसगढ़ में इसके लिए प्रदेश स्तर की कार्यशाला में तय किया गया है। प्रदेश भाजपा संगठन ने छत्तीसगढ़ में 50 लाख स्थानों पर तिरंगा फहराने का फैसला किया है। इसके लिए तय किया गया है कि हर बूथ में कम से कम 50 तिरंगे प्रदेश संगठन की तरफ से दिए जाएंगे। इसी के साथ स्थानीय भाजपा नेता, बूथ, मंडल, शक्ति केंद्रों से लेकर जिलों, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी भाजपा के कार्यकर्ता, नगर पंचायत से लेकर नगरीय निकायों, विधानसभा और लोकसभा के सभी जनप्रतिनिधि भी अपनी इच्छा और क्षमता के हिसाब से तिरंगे लेकर बांटने का काम करेंगे, ताकि उनके क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा स्थानों पर तिरंगा फहराया जा सके।

### मंडलों में तिरंगा यात्रा भी

तय कार्यक्रमों के मुताबिक, 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराया जाएगा। अभियान के दौरान 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों, युद्ध स्मारकों और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जगहों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के उपरांत सभी स्थानों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। प्रत्येक मंडल में युद्धवीरों, शहीदों, देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों, पुलिसकर्मियों के घरों का दौरा कर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सभी जिलों में मौन जुलूस, उपयुक्त बैनर व प्लेकार्ड्स के साथ हॉल मीटिंग्स, विभाजन से प्रभावित लोगों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

## एक बार रजिस्ट्रेशन के बाद बार-बार दस्तावेज नहीं दिखाना पड़ेगा

# किसानों को धान बेचने से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ के धान उत्पादक किसानों को अब एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। खास बात ये है कि जिन किसानों ने पिछले साल राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से धान बेचने का पंजीयन कराया है, उनके लिए भी ये अनिवार्यता लागू होगी। सूत्रों का कहना है कि एग्रीस्टैक में पंजीयन के बाद ही किसानों को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

- पिछले साल धान बेचने वाले किसानों के लिए भी पंजीयन अनिवार्य



### किसान पोर्टल जुड़ा एग्रीस्टैक से

राज्य शासन द्वारा किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल को अब एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ा गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सभी किसानों को इस पोर्टल पर पंजीयन कराना जरूरी होगा। जिन किसानों ने पहले धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था, उन्हें भी संशोधन या कैरी फारवर्ड से पहले एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के कोई भी किसान धान विक्रय के लिए पात्र नहीं होगा। यह पंजीयन किसान नजदीकी लेम्प्स (सहकारी समिति) या ग्राहक सेवा केंद्र में निःशुल्क करवा सकते हैं।

### आदान सहायता भी इससे ही मिलेगी

एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकृत किसानों को कृषक उन्नति योजना का भी लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत पिछले खरीफ में पंजीकृत किसानों को, जिन्होंने धान की जगह अन्य खरीफ फसलें लगाई थीं और उनकी गिरदावरी में पुष्टि हुई है, उन्हें प्रति एकड़ 11,000 रुपये की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। वहीं, यदि किसान दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य (जैसे कोदो, कुटकी, रागी) या कपास की खेती करते हैं, तो उन्हें प्रति एकड़ 10,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी, बशर्ते कि पंजीयन और गिरदावरी दोनों सही हो। किसानों से अपील की गई है कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द एग्रीस्टैक पोर्टल में अपना पंजीयन करवाएं। यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और किसानों की सुविधा के लिए नजदीकी केंद्रों पर उपलब्ध है।

### हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान

गौरतलब है कि कि एग्रीस्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसे भारत सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए विकसित किया है। इसका उद्देश्य किसानों की समस्त जानकारी जैसे पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, कर्ज, फसल की जानकारी, और बीमा इतिहास आदि को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इकट्ठा करना है। हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान यानी किसान आईडी मिलेगी, जो उनके आधार से लिंक होती है।

### सब आएंगे डिजिटल छतरी के नीचे

*एग्रीस्टैक पोर्टल का उद्देश्य किसानों और कृषि नीति निर्माताओं को एक डिजिटल छतरी के नीचे लाना, खेती-किसानी के डेटा का डिजिटाइजेशन करना करने के साथ ही सरकारी योजनाओं की पहुंच तेज और सटीक बनाना है। इससे किसानों, सरकारी विभागों और एग्रीटेक कंपनियों के लिए डेटा-संचालित सेवा देना, फसल, भूमि, मौसम, मिट्टी, उत्पादन और वित्त संबंधी जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी। सभी योजनाओं जैसे पीएम किसान निधि, फसल बीमा, खाद या बीज सब्सिडी सीधे किसान के खाते में पहुंचेगी। इससे काम में पारदर्शिता और तेजी आएगी। किसानों को फसल, भूमि, मौसम, मृदा स्वास्थ्य, बाढ़ या सूखा से निपटने के उपाय और मार्केट लिंक आदि की डिजिटल जानकारी प्राप्त होगी। किसान की प्रोफाइल से उन्हें सस्ता लोन और बीमा तुरंत मिलेगा। एग्रीस्टैक द्वारा किसान को तकनीकी सलाह, नए उपकरणों की जानकारी और बाजार से सीधे जुड़ने का लाभ होगा। एक बार डिजिटल किसान का रजिस्ट्रेशन आईडी हो जाने के बाद बार-बार दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।*

# खाद्य आयोग की समीक्षा बैठक में राशन दुकानों की निगरानी समिति पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**



छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित खाद्य आयोग कार्यालय में अधिकारियों की बैठकर लेकर कामकाज की समीक्षा की। अध्यक्ष श्री शर्मा की पदभार ग्रहण करने के बाद यह पहली बैठक थी। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को शासन की नीतियों का लाभ अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। आयोग के अध्यक्ष श्री शर्मा ने बैठक में राज्य में संचालित खाद्य सुरक्षा, पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, फोर्टिफाइड चावल वितरण और राशन दुकानों की कार्यप्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने शासन की मंशा अनुरूप योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ अंतिम हितग्राही तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

*बैठक में राशन दुकानों में निगरानी समिति के गठन की स्थिति, सैम्पल प्रदर्शन, खाद्य आयोग व कॉल सेंटर नंबर की उपलब्धता, फोर्टीफाईड चावल के भंडारण और वितरण, तथा ऑफलाइन दुकानों में नेटवर्क की समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत लाभ से वंचित हितग्राहियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।*

### केंद्रीय रसोई की कार्यप्रणाली की समीक्षा

महिला एवं बाल विकास विभाग पूरक पोषण आहार योजना के क्रियान्वयन, आंगनबाड़ी केंद्रों में कॉल सेंटर नंबरों के प्रदर्शन, नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में एफआरएस एप के उपयोग संबंधी चुनौतियों पर भी विचार किया गया। अध्यक्ष श्री शर्मा ने राज्य में कोई भी कुपोषित ना हो इसके लिए गंभीरता से कार्य करने की बात कही। स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यान्ह भोजन योजना, केन्द्रीयकृत किचन की निगरानी, स्कूलों में पोषण व स्वच्छता के उपायों की भी जानकारी प्राप्त की। रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और धमतरी में संचालित केन्द्रीय रसोई की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। बैठक में श्री शर्मा ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के आश्रमों और छात्रावासों में बीपीएल दर पर खाद्यान्न की आपूर्ति, भोजन की गुणवत्ता, अस्पतालों में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सदस्य सचिव राजीव जायसवाल, खाद्य आयोग के सदस्य राजेन्द्र महिलांग, कुलदीप शर्मा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के एमके नायक, आदिम जाति विभाग के आशीष बंजारे, महिला एवं बाल विकास विभाग के डीएस मरावी, खाद्य विभाग की नीलम एल्मा, एनएचएम के अविनाश श्रॉफ व डॉ. सूरज दुबे व अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# रायपुर में जल्द बनेगा आधुनिक एनसीडीसी भवन : बृजमोहन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

राजधानी रायपुर में भी राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र एनसीडीसी का आधुनिक और सशक्त भवन बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत इस परियोजना के लिए 14 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।



- बृजमोहन अग्रवाल के सवाल के जवाब में लोकसभा में दी गई जानकारी

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में इस विषय को विस्तार से उठाया और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मांगी। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत रायपुर में एनसीडीसी राज्य शाखा के निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं और यह केंद्र प्रदेश में रोगों की रोकथाम, निगरानी और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की शाखाओं का उद्देश्य प्रत्येक राज्य की जन स्वास्थ्य से जुड़ी विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करना, रोगों की बेहतर निगरानी एवं रोकथाम करना और समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। रायपुर में बनने वाला यह नया केंद्र मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित एवं संचारी रोगों की रोकथाम में विशेष रूप से मददगार होगा, खासकर बस्तर जैसे अति प्रभावित क्षेत्रों में।

# विरोध का तर्क नहीं होने पर भाजपा अमर्यादित आचरण करती है : शुक्ला

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, रिमोट कंट्रोल और मदारी की संज्ञा राजनैतिक तौर पर सामान्य उपमाएं हैं। देश के उच्च सदन राज्यसभा, लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के भीतर भी ऐसे वक्तव्य कई बार अलग-अलग दलों के सांसद और विधायकों द्वारा अपने उद्बोधनों में कहे गए, रिकॉर्डेड बयान हैं, लेकिन जब सत्ता का नियंत्रण और निर्णय किसी के हित पर केंद्रित होता है, वहां पहले भी ऐसे आरोप विपक्ष द्वारा लगाए जाते हैं।



गांधी जी के तीन बंदर और पूंजीपतियों के इशारे पर नाचने वाले, कठपुतली और नकलची बंदर भी खूब चले, लेकिन कुत्ता और जूते चाटना पूंजीवादी गुलामों की संस्कृति हो सकती, छत्तीसगढ़ की नहीं। जो संसाधन और समृद्धि एक व्यक्ति के मुनाफे के लिए लुटाए जा रहे हैं और सत्ता में बैठे जिम्मेदार आंख मूंदकर बैठे हैं, उसी संदर्भ में कांग्रेस का प्रतीकात्मक कार्टून था, जवाब इसका देना चाहिए, लेकिन भाजपा स्तरहीनता पर उतर आई। कई बार ऐसा हुआ है, विरोध का तर्क नहीं होने पर भाजपा अमर्यादित आचरण करती है।

श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा लगातार अपने पोस्टर में मर्यादाओं का उल्लंघन करती रही है। हाल ही में उसका जारी किया गया कार्टून अक्षम्य अपराध है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को समझना होगा कि उनके सोशल मीडिया और उनके प्रवक्ता अपने सोशल मीडिया में विरोधी दलों के नेताओं के लिए जिस स्तर की भाषा का उपयोग कर रहे हैं, क्या वह मर्यादित भाषा है। किसी के पास में जब विरोध के तर्क और तथ्य नहीं रहते, तो वह तिलमिलाहट में अभद्रता और अशिष्टता पर उतर आता है।

# बैज बोले- डबल इंजन की सरकार में ड्रग्स कैसे पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ तक पहुंच रहा

## भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ बना अपराध और नशाखोरी का गढ़

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ अपराध और नशाखोरी का गढ़ बन गया है। प्रदेश में रोज-रोज हो रही आपराधिक घटनाएं, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की बढ़ती घटनाएं, नशे का व्यापार, प्रदेश की खस्ताहाल हो चुकी कानून व्यवस्था का उदाहरण है। राजधानी में औसतन रोज एक से दो हत्याएं हो रही है। प्रदेश का कोई शहर नहीं बचा है, जहां हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं रोज न हो रही हों।

श्री बैज ने कहा, सरकार दावा करती है कि उसने राज्य में पाकिस्तान से आने वाले ड्रग्स की सप्लाई चेन को तोड़ दिया है। देश में 11 साल से मोदी की सरकार है, राज्य में पौने दो साल से भाजपा की




सरकार है। भाजपा बताए, डबल इंजन की सरकार में ड्रग्स कैसे पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ पहुंच रही है। केंद्र सरकार सीमा को सुरक्षित नहीं रख पा रही है, तभी तो स्मग्लर सीमा पार से ड्रग्स छत्तीसगढ़ पहुंचा रहे थे। सरकार बताए, सीमा पार से आने वाली ड्रग्स छत्तीसगढ़ की सीमा में कैसे पहुंच रही थी, क्योंकि राज्य सरकार की नाकामी है। श्री बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में कानून का राज समाप्त हो गया है। गृहमंत्री केवल बयानबाजी करने के लिए ही हैं, उनसे गृह विभाग नहीं संभल रहा है। पुलिस विभाग अवैध वसूली का गिरोह बन चुका है। उसे आम आदमी की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है। सरकार पुलिस को उसका मूल काम कराना छोड़ विरोधियों के खिलाफ षडयंत्र में लगा रखी है।

श्री बैज ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सीमा पार से होने वाली नशीली वस्तुओं की तस्करी रोकने में नकारा साबित हो गई है। अडाणी के मुंद्रा पोर्ट से हजारों करोड़ों रुपए की ड्रग्स पकड़ी गई, किसी भी प्रकार से कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। सीमा पार से आतंकवादी विदेशी हथियार, नशीली वस्तुएं, घुसपैठ हो रही है, इसकी जिम्मेदारी किसके ऊपर है? केंद्र सरकार के नाकामी के चलते पूरे देश में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है, छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है।

# जहां सिगरेट, शराब, ड्रग्स का कचरा मिलेगा, वहीं चलेगा नशामुक्ति अभियान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में नशा मुक्ति अभियान संचालित करने के लिए सरकार ने नया तरीका निकाला है। अब उन सारी जगहों की पहचान कर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा, जहां सिगरेट, शराब या अन्य प्रकार के ड्रग्स का कचरा मिलेगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी किया है।



- नगरीय प्रशासन ने निकायों को दिया निर्देश
- नशामुक्ति के लिए लोगों को करेंगे जागरूक

दरअसल यह पहल नगरीय प्रशासन विभाग की खुद की नहीं है, अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की बैठक में इस बारे में निर्देश दिए गए हैं। एनसीओआरडी की राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि ऐसे स्थान जहां पर मद्यपान (शराब) धूम्रपान, ड्रग्स, नशे से संबंधित मादक पदार्थ, नशीली दवाईयों के अपशिष्ट पाये जाने वाले स्थलों का चिन्हांकन कर जिला कलेक्टर एवं पुलिस के समन्वय से समय-समय पर स्थलों को नशा मुक्त किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें।

### नशामुक्ति की प्रतिज्ञा

इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों से कहा है कि निकायों में स्वच्छता हेतु लगे वाहनों द्वारा नशा मुक्ति के जागरूकता है एनसीबी के ऑनलाइन एंटी ड्रग ई-प्रतिज्ञा प्लेटफार्म के संबंध में जनसामान्य को जानकारी दें। इसके साथ ही ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रकार की प्रतिज्ञा लेने तथा एनसीबी के मानस हैल्प लाईन-1933 पर अनुचित स्थलों पर मादक पदार्थों के उपयोग एवं तस्करी के संबंध में जानकारी दी जाए। नशा मुक्ति के लिए टोल फ्री हेल्पलाईन-14446 पर आम जनता द्वारा नशा मुक्ति हेतु परामर्श व काउंसिलिंग लिये जा सकने तथा नशा मुक्ति केंद्रों के संबंध में भी जनसामान्य को अवगत कराने के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने व विज्ञापनों के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

## सिंचाई विभाग ने पूरा करने बनाई योजना

# प्रदेश की 228 सिंचाई परियोजनाएं कई वर्षों से लंबित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

छत्तीसगढ़ में सिंचाई विभाग के 228 प्रोजेक्ट पिछले कई वर्षों से लंबित हैं। लंबित प्रोजेक्ट के पूरा न होने से किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ये परियोजनाएं कहीं मुआवजा, अधूरे नहर लाइनिंग, डीपीआर न बनने, फारेस्ट क्लीयरेंस, बजट की स्वीकृति न मिलने, नहर निर्माण के अंतिम छोर के पूरा न हो पाने और प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण किए जाने में देर के कारण बीच में ही काम अधूरी पड़ी हैं। इन प्रोजेक्ट के पूरा होने पर राज्य में सिंचाई क्षमता में बढ़ोतरी होगी। राज्य सरकार पिछले 10 सालों से लंबित इन सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर इसमें आने वाली कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास कर रही है। पहले चरण में ऐसे प्रोजेक्ट को लिया जाएगा, जो कम लागत में शुरू किया जा सके।

### फारेस्ट क्लीयरेंस बना बाधक

गरियाबंद जिले की पीपरछेड़ी सिंचाई परियोजना घुनघुट्टी नाला पर बांध बनाकर शुरू की गई थी, जिसका मकसद आसपास के गांवों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना था, लेकिन 1980 में वन अधिनियम लागू होने के कारण पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने से काम रुक गया।

### माइनर नहरों का खस्ता हाल

श्याम घुनघुट्टा जलाशय की मुख्य नहर लगभग 30 गांव से होकर गुजरी है। इसके राइट बैक कैनाल और लेफ्ट बैक कैनाल 50-50 किमी तक फैला है। इसके बाद माइनर नहर भी हैं, जिससे किसानों के खेतों तक पानी पहुंचता था, किंतु मुख्य नहर से अंतिम छोर तक पानी पहुंचने के बाद भी माइनर नहरों की खस्ताहाल के कारण एक-दो किमी के बाद पानी पहुंचना ही मुश्किल हो चुका है।

### तीन परियोजनाओं के लिए नहीं बनी कार्ययोजना

बांकी जलाशय से तो एक दशक से किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। बरनई परियोजना में 2820 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता निर्धारित है, किंतु विभाग ने जो कागजी आंकड़ा निर्धारित किया है, उसमें मात्र 775 हेक्टेयर में ही सिंचाई की जानकारी दी गई है। उक्त तीनों मध्यम परियोजनाओं के लिए कोई भी कार्ययोजना नहीं बनाई है, ताकि किसानों के खेतों तक आसानी से पानी पहुंचाया जा सके।

### किसानों को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा

बताया गया है कि 2015 से लंबित प्रोजेक्ट को पूरा करने विभाग की ओर से प्लान तैयार किया गया है। विभाग इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास करेगी। जल परियोजनाओं के अधूरे रहने से सिंचाई क्षमता प्रभावित होने से किसानों को योजनाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर सिंचित रकबा बढ़ाने का प्रयास होगा। सिंचाई विभाग अब उन सभी प्रोजेक्ट की सूची तैयार कर उनमें रुके हुए कार्यों को पूरा कराने राज्य सरकार से स्वीकृति लेकर इन कार्यों को पूरा कराएगा।


सरल सहज मिलनसार
रायपुर ग्रामीण के लोकप्रिय विधायक
मा. मोतीलाल जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
9 अगस्त
अर्जुन साहू
विधायक प्रतिनिधि
डॉ. मनमोहन मनहरे
पार्षद वार्ड क्र. 3
वेदपुरी गोस्वामी
मोहित धृतलहरे
पूरन साहू
मनोज शर्मा
संतोष बघेल
प्रदीप डांडे

## खबर संक्षेप

### मदर्स प्राइड स्कूल में रक्षाबंधन मनाया



**आरंग।** मदर्स प्राइड हाई स्कूल आरंग में सभी छात्राओं के द्वारा अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का पर्व हर्ष उल्लास, उत्साह और भाईचारे से मनाया गया। जिसमे छात्रों ने बहनो को उपहार दिए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख जगदम्बा देवी द्वारा राखी के महत्व को बताया गया। जिसमें प्राचार्य तथा सभी शिक्षक और शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

### फ्रेंड्स क्लब ने छात्रों को बांटी चप्पलें



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा फ्रेंड्स क्लब द्वारा सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को किया गया चप्पल का वितरण। तिल्दा नेवरा फ्रेंड्स क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र अंतर्गत शासकीय स्कूलों में छात्र-छात्राओं को चप्पल वितरण किया जा रहा है । तिल्दा सहित सासाहोली के स्कूलों में स्कूली बच्चों को चप्पल का वितरण किया गया साथ ही अटल आवास योजना के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को भी चप्पल का वितरण किया गया। इस अवसर पर तिल्दा नेवरा फ्रेंड्स क्लब के सदस्यगण उपस्थित हुए। बता दें फ्रेंड्स क्लब ग्रुप एक टीम है जो इस तरह के कार्य निरंतर करती है।

### पीएमश्री सेजेस खोरपा में हुई विविध स्पर्धाएं



**अभनपुर।** पीएमश्री सेजेस खोरपा में आज पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छग जनसंपर्क अधिकारी एपी सावंत, जनसंपर्क अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, ईई डिवीजन नई दिल्ली संजीत सर, ईई डिवीजन नई दिल्ली श्रीमती नीति मैडम उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय के छात्रों द्वारा इको-फ्रेंडली बैग, पेपर फोल्डर, पर्यावरण संरक्षण विषयक मॉडल, पोस्टर, रंगोली एवं अन्य सामग्री का सुंदर प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिससे छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता को और बल मिला।

### 54 पौवा शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार




**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम खट्टी मे भारतमाला ओवरब्रिज के पास दो व्यक्तियो को 54 पौवा देशी मदिरा शराब मोटरसायकल से ले जाते हुये अभनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है,पकड़े गये आरोपी डामेश्वर यादव उर्फ गोलू उम्र 25 वर्ष,पुनारद तारक उम्र 25 वर्ष ग्राम सारखी निवासी है देशी शराब व मोटरसायकल सहित कीमत 45940 रूपये की जप्ती के साथ विधिवत गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियो को न्यायिक हिरासत मे न्यायालय रायपुर भेजा गया है। एक सप्ताह के अंदर अभनपुर पुलिस क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे अवैध शराब ब्रिकी के विरूद्ध अभियान चलाकर 1 दर्जन से अधिक गांव मे शराब के मामले मे गिरफ्तार कर 34(2) के तहत कार्यवाही करते जेल भेजा गया है ।

# भाजपा की कार्यशाला में घर-घर तिरंगा अभियान पर किया गया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी आरंग मंडल द्वारा घर घर तिरंगा-हर घर तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला बैठक का आयोजन 08 अगस्त को स्थानीय विधायक कार्यालय नेता जी चौक आरंग किया गया। उक्त कार्यशाला में ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन व शिवशंकर वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रह कर कार्यकर्ताओ को इस अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान किया।

## 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति में मौन जुलूस निकालेंगे और प्रदर्शनी लगाई जाएगी



### राष्ट्र प्रेम की भावना सर्वोपरी

श्री मिर्धा ने बताया हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ हुआ है जो लगातार चल रहा है, हम लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को सर्वोपरी करेंगे, 'मोर तिरंगा-मोर अभिमान' के माध्यम से अधिक-से-अधिक लोगों को जोड़कर लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। श्री वर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है ताकि इस अभियान में युवा और महिलाओं को जागृत किया जा सके। इसके साथ ही 'ऑपरेशन सिंदूर' और उससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को नमन करते हुए इस अभियान को पूर्ण करना है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की वैश्विक पहचान को और ज्यादा मजबूत किया है। इसके साथ ही 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक यह कार्यक्रम करना है।

### स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा

*हर घर तिरंगा अभियान पिछली बार की तुलना में इस बार और प्रभावी रूप से हो, इस पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की तीसरी कड़ी में स्वाधीनता संग्राम में शहीद लोगों के मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं/चित्रों पर माल्यार्पण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। इसी कड़ी में 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाते हैं और इस दौरान विभाजन की विभीषिका के बारे में देश के हर नागरिक को बताना है कि किस तरह विभाजन की विभीषिका के दौरान लाखों लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। इसके साथ ही विभाजन की विभीषिक को लेकर मौन जुलूस, समाधान कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। डॉ. जैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए हम सभी लगातार मेहनत करेंगे।*

## आत्मानंद हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या किया जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को साइबर अपराध एवं नशे के खिलाफ पुलिस ने दिया रक्षा सूत्र का फंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवां / कूंरा

रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर, सिलतरा पुलिस ने स्वामी आत्मानंद हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को साइबर अपराधों, इंटरनेट के खतरों और नशे के विनाशकारी प्रभावों के प्रति सचेत करना था। इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी श्री राजेंद्र सिंह कंवर ने अपने सहयोगियों और रायपुर साइबर क्राइम के विशेषज्ञों के साथ मिलकर 8वीं से 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित किया।

- कार्यक्रम अधिकारी समेत अन्य लोगों को राखी बांध कर सद्भावना का दिया संदेश



### छात्र भविष्य के निर्माता,अपनी शक्ति को पहचानें

चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह कंवर ने कहा, आप सभी उस पीढ़ी के हैं जिसने इंटरनेट को जन्म से ही देखा है। यह आपकी सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ी चुनौती है। हमारी पीढ़ी ने टेलीविजन से लेकर मोबाइल फोन और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए आई तक के बदलाव देखे हैं। हम दुनिया के सबसे रोमांचक दौर के गवाह हैं। लेकिन आप सभी को यह समझना होगा कि भविष्य बहुत तेजी से बदल रहा है। इस मामले में अपनी रचनात्मकता और सोच को विकसित करें।

### साइबर अपराधी समाज का घातक दुश्मन

रायपुर साइबर क्राइम से आए विशेषज्ञों ने छात्रों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, और गूगल जैसी सोशल मीडिया साइट्स पर कैसे धोखाधड़ी होती है। विशेषज्ञों ने खास तौर पर नाबालिकों को निशाना बनाने वाले सेक्स्टॉर्शन गैंग के बारे में चेतावनी दी और किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में, स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सुरेखा वर्मा और शिक्षकों ने पुलिस टीम के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर राखी की शुभकामनाएं दीं। यह पहल पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास की भावना को मजबूत करती है, जहाँ पुलिस न सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखती है बल्कि समाज के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

### इनकी भी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सुरेखा वर्मा , चौकी प्रभारी सिलतरा श्री राजेंद्र सिंह कंवर, एएसआई श्री गिरधर द्विवेदी, सदानंद ठाकुर, रायपुर साइबर क्राइम से आए साइबर एक्सपर्ट श्री सुरेश देशमुख, गणेश मरावी और अनुरंजन तिर्की, और स्कूल परिवार के सभी स्टाफ मौजूद थे।

# सीआरपीएफ कैंप में बच्चों ने जवानों को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शुक्रवार को अजय कुमार सिंह उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ कैंप भिलाई में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के छात्राओं तथा संकल्प सेवा संस्थान नवागांव, बुडेनी, नयापारा के दिव्यांग बच्चों ने उपस्थित होकर सीआरपीएफ जवानों को राखी बांधी। इस अवसर पर उप कमांडेंट प्रियंजन गुप्ता ने उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह का रक्षाबंधन पर दिए संदेश बताते हुए कहा यह पर्व भाई-बहनों का प्रेम का प्रतीक है।

रक्षाबंधन का पर्व पौराणिक काल से प्रचलित है। आगे उन्होंने कहा सबकी रक्षा करना सीआरपीएफ का प्रथम धर्म है। हमारा संपूर्ण जीवन देश के सेवा व सुरक्षा के लिए समर्पित है। वहीं बच्चों ने भी अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कहा देश की रक्षा करने वाले जवानों को रक्षासूत्र बांधने का अवसर पाकर हम बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हम हर साल जवानों को रक्षासूत्र बांधने जरूर आएंगे। रक्षाबंधन के दिन जवानों को बहनों की कमी महसूस होने नहीं देंगे। वहीं कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा गीत की प्रस्तुति ने सबको भावविभोर कर दिया। सभी सैनिकों ने बच्चों को उपहार भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में अहम् भूमिका उप कमांडेंट अजय सिंह का रहा। इस अवसर पर सीआरपीएफ के अधिकारी व सैनिकगण, संकल्प सेवा संस्थान से सुनीता साहू, कल्पना गोस्वामी, चरौदा से शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ जवानों की उपस्थिति रही।

# समितियों में खाद की कमी फौरन करें दूर : विधायक



**अभनपुर।** जनपद कार्यालय अभनपुर के सभागार में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक रखी गई थी। बैठक में क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू व सहकारिता सभापति चंचल राजा दीवान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए। विधायक श्री इंद्र कुमार साहू ने बैठक में सहकारी समितियों में खाद की कमी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खाद की उपलब्धता के बावजूद यदि वह समितियों तक नहीं पहुंच रही है, तो यह चिंताजनक विषय है उन्होंने सहकारिता विभाग के सीईओ को निर्देशित किया कि तत्काल खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके, विधायक ने यह भी कहा कि इस व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, विधायक ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को मुद्रा लोन जैसी योजनाओं को गंभीरता से लागू करने और जरूरतमंदों तक इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में काम करने की ललक बढ़े और वे आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देना जरूरी है। विधायक श्री साहू ने खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि उचित मूल्य की दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण हो और आम जनता को समय पर राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। बैठक मे विभिन्न पर विस्तृत चर्चा की गई और विधायक ने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर कार्य करने तथा जनता के बीच जाकर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# धरसींवा के हनुमान मंदिर की महिमा निराली और इतिहास है चमत्कारी

**धरसींवां / कूंरा।** धरसीवा पुलिस थाना परिसर में स्थापित प्राचीन सिद्ध प्रभु हनुमान मंदिर की प्रसिद्धि फैल रही हैं। मंदिर में समय समय पर कई पूर्व मंत्री सहित लोगों की भीड़ लगती है। सिद्ध प्रभु हनुमानजी के धरसीवा पुलिस थाना तक आने के पीछे एक रोचक इतिहास है इस संबंध में हनुमान मित्र मंडली के सदस्य दुर्गेश अग्रवाल संजीव जैन रानू भूपेंद्र कसार बताते हैं कि करीब सौ साल पहले एक चमत्कारिक घटना के साथ सिद्ध प्रभु हनुमान जी धरसीवा थाना तक पहुंचे थे।

- भव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी, मंदिर के सभी अनुष्ठानों में लगता है भक्तों का तांत

**घोड़े ने दिया था संकेत-** हनुमान मित्र मंडली के सदस्यों ने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत के समय जब धरसीवां पुलिस थाना से एक घटना की जांच करने पुलिस स्टॉफ चार किलो मीटर दूर कोल्हान नाला के समीप पहुंचा तो एक चमत्कारिक घटना हुई। हुआ यूं कि पुलिस स्टॉफ घोड़े को कोल्हान नाला के समीप छोड़कर मामले की जांच करने चला गया जब वापस आए तो घोड़ा वापस आने तैयार नहीं बार बार झाड़ियों तरफ इशारा करने लगा तब पुलिस स्टॉफ ने झाड़ियों तरफ देखा तो वहां प्रभु श्री रामभक्त संकट मोचन हनुमान जी की मनोहारी प्रतिमा दिखाई दी। तब पुलिस स्टॉफ ने हनुमान जी की प्रतिमा को निकाल कर थाने के सामने एक वृक्ष के नीचे स्थापित किया।

**करोड़ों की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण जारी-** सिद्ध हनुमान जी की सिद्धि को देखते हुए यहां के भक्तों ने हनुमान मित्र मंडली बनाई और आपसी सहयोग से मंदिर जी का रखरखाव हनुमान जी के श्रृंगार उन्हें चोला चढ़ाने एवं हनुमान जन्मोत्सव विशाल भंडारा के साथ मनाने की शुरुआत हुई हनुमान मित्र मंडली में लोग जुड़ते गए और फिर विशाल मंदिर निर्माण का संकल्प इस मित्र मंडली ने लिया। हनुमान मित्र मंडली के प्रयास, लोगों के सहयोग और टीआई राजेंद्र दीवान के प्रयास से मंदिर का भव्य निर्माण जारी है। मंदिर में धर्मशाला और तपस्वियों के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। सिद्ध हनुमान जी के लाखो दीवाने हैं जिसमें पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और गौरीशंकर अग्रवाल भी शामिल हैं।

# स्तनपान दिवस पर अन्न प्राशन, गोदभराई कार्यक्रम हुए और सुपोषण की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

भानजसोज सेक्टर के तहत ग्राम संडी में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र प्रांगण में विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त अंतर्गत स्तनपान दिवस के साथ-साथ सावन मेला, सुपोषण चौपाल के अंतर्गत गोद भराई एवं अन्न प्रासन कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर के निर्देश और परियोजना अधिकारी प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत आरंग के सभापति कृष्णा महेश साहू एवं विशेष अतिथि सेक्टर प्रभारी ऋतु परिहार सरपंच हेमलता बंजारे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सेक्टर के 12 ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हरियर परिधान धारण कर पारंपरिक व स्नेहमयी माहौल में शामिल हुईं, जिससे पूरे परिसर में सावन के हरे-भरे उत्साह की झलक दिखाई दी।अपने उद्बोधन में सभापति कृष्णा महेश साहू ने कहा "मातृ शक्ति समाज की धुरी है और आंगनबाड़ी केंद्र इन धुरियों को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा की दिशा में सशक्त बनाने का सबसे बड़ा आधार हैं। पोषण आहार दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य का संकल्प है। गर्भवती माताओं का ख्याल रखना, नवजात शिशुओं को समय पर पोषण देना और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना, यही एक समृद्ध व स्वस्थ समाज की नींव है। ऋतु परिहार ने अपने संबोधन में कहा "सावन का महीना प्रकृति और जीवन में हरियाली का संदेश देता है। जैसे सावन की हरियाली मन को प्रसन्न करती है, वैसे ही पोषण आहार बच्चों और माताओं के जीवन में स्वास्थ्य व खुशहाली लाता है।

### सेहत के लिए संतुलित आहार जरूरी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव-गांव में पोषण और स्वास्थ्य की रक्षक हैं, जिनकी मेहनत से समाज में बदलाव संभव हो रहा है।"कार्यक्रम में गोद भराई व अन्न प्रसन्न की रस्में पारंपरिक तरीके से निभाई गईं। गर्भवती माताओं को पोषण सामग्री वितरित की गई तथा नवजात शिशुओं को अन्न प्रसन्न कर स्वास्थ्य एवं लंबी आयु का आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर पोषण संबंधी जानकारी, संतुलित आहार के महत्व और मातृ-शिशु देखभाल पर जागरूकता भी दी गई। मंच का संचालन पर्यवेक्षक ऋतु परिहार ने उत्साहपूर्ण अंदाज में किया और अंत में अतिथियों ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पण व प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की सच्ची सेवा में अग्रणी बताया। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के विशेष अभियान हर घर मुँनगा, आओ खुशियां बांटे, प्रोजेक्ट धड़कन कुपोषण मुक्ति आदि पर विशेष जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। इस सावन मेले कार्यक्रम में सुनीता वर्मा सावन क्वीन बनी और कुर्सी दौड़ में यमुना साहू और लेमन रेस में कुसुम यादव विजेता रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र सावन का झूला रहा। पूरे आयोजन में सावन की हरियाली, लोक संस्कृति की मिठास और पोषण का संदेश एक साथ जीवंत हो उठा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू शर्मा, प्यारी राव, लता साहू, मीना देवांगन, खोमेश्वरी वर्मा, त्रिवेणी साहू, रोहिणी यादव, लिपाक्षी मानिकपुरी, भुनेश्वरी बारले, प्रभा मंडले, निर्मला निषाद आदि उपस्थित रहे।



## आत्मानंद स्कूल में पालक-शिक्षक सम्मेलन में विधायक इंद्र कुमार हुए शामिल

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक-शिक्षकों के सहभागी बनेः साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर रायपुर के मार्गदर्शन में 7 अगस्त को विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं उपस्थिति में पी एम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम स्कूल अभनपुर में विकास खंड स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि पालकों को शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों में सहभागिता देनी चाहिए, कार्यक्रम के आयोजक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि बच्चे फूलों कि तरह होती है जिसके विकास के लिए दो माली कि आवश्यकता होती है एक है शिक्षक और दूसरा है पालक इन दोनों के प्रयास से ही हम पौधे रूपी बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं आए हुए अतिथियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा द स्कूल पैरेंट्स बुक उपहार स्वरूप दिया गया ,साथ ही कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य को भी पालकों को बिन्दु वार समझाया गया।



### सकारात्मक वातावरण बनाना जरूरी

पालक-शिक्षक मेगा बैठक हेतु विकास खंड एवं शाला के छात्रों के पालकों, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें पालक-शिक्षक बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक -मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालको के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना है। विद्यार्थियों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालको को अवगत कराना है, जिससे बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सके। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, बच्चों की काउंसिलिंग कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कराना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्राप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना है । इस मेगा बैठक के सफल आयोजन से पूरे विकास खंड में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार होगा तथा पालकगण अपने बच्चों की पढने-लिखने की प्रगति से अवगत हो सकेंगे। प्रत्येक पालक को उनके बच्चे की अकादमिक एवं पाठ्योक्तर उपलब्धियों से व्यक्तिगत रूप से अवगत कराते हुए उनके प्रगति के संबंध में आवश्यक विमर्श भी की गई । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेंद्र बंजारे,उपाध्यक्ष खेलू राम साहू ,नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ,जनपद सभापति चंचल दीवान ,राजेश्वरी ध्रुव ,विनोद चंद्राकर जनपद सभापति प्रतिनिधि ,पार्षद मीना धनेश्वर साहू ,चंपा लेदेकर पार्षद अभनपुर ,मुकेश ढीढ़ी अध्यक्ष सरपंच संघ रायपुर ,राघवेंद्र साहू ,बसंत कोसले ,एसएमडीसी अध्यक्ष गोयल भट्ट,सदस्य सागर साहू ,राजा राय,अंकेश बजाज एवं एसडीएम अभनपुर रवि सिंह , बी आर सी राकेश कुमार साहू, पीएम श्री विद्यालय प्राचार्य नाजिमा एजाज समेत बड़ी संख्या में अभनपुर क्षेत्र के पालकगण, शिक्षाविद् एवं शाला के समस्त शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही ।

# खाद्य विभाग ने होटलों से लिए सैंपलों की जांच की



**अभनपुर।** बने खाबो बने रहिबो अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियो ने अभनपुर क्षेत्र के होटल,ढाबा रेस्टोरेन्ट,मिठाई दुकानो मे पहुंचकर खाद्य पदार्थो का सैम्पल लेकर ऑन द स्पॉट जांच कर रहे है,किचन की साफ सफाई से लेकर खाने पीने का सामानो का सेम्पल लेकर जांच के साथ ही नये खाद्य अधिनियम की जानकारी भी दी जा रही है। इस संबंध मे खाद्य अधिकारी सर्वेश यादव ने कहा कि खाने पीने के सामान मे लापरवाही बतरने वाले संचालको के विरूद्ध कार्यवाही के साथ ही दूषित भोजन से होने वाली बीमारी के बारे मे भी जागरूक किया जा रहा है तथा जांच के दौरान किसी प्रकार का मिलावट व असुरक्षित खाद्य सामग्री मिलने पर कार्यवाही भी की जा रही है।


बंदिनी बहनों द्वारा तैयार की गई राखियां

## सिटी लाइव

### आपातकालीन ड्रिल और वीआईपी सुरक्षा पर पीएसओ और वाहन चालकों को विशेष प्रशिक्षण



रायपुर। वर्तमान समय में वीआईपी सुरक्षा पुलिस की महत्वपूर्ण ड्यूटी में से एक है। इस ड्यूटी में कार्यरत जवानों के लिए समय-समय पर अपने कौशल और व्यवसायिक दक्षता में वृद्धि करना आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) अमित कुमार, भारतीय पुलिस सेवा के प्रयास एवं मार्गदर्शन में वीआईपी सुरक्षा में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनएसजी मानेसर (गुड़गांव) की 13 सदस्यीय टीम 14 जुलाई से रायपुर में रहकर प्रशिक्षण दे रही है। वीआईपी सुरक्षा में कार्यरत जवानों के साथ-साथ पुलिस के वाहन चालकों का भी सुरक्षा व्यवस्था में अहम योगदान होता है। इसी कारण जवानों के साथ-साथ पुलिस वाहन चालकों को भी एनएसजी द्वारा 6 दिवसीय टैक्टिकल ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अंतर्गत, प्रथम बैच को 14 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 79 पीएसओ और छत्तीसगढ़ पुलिस के 22 वाहन चालक शामिल थे। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 28 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया गया, जिसमें 112 पीएसओ और 22 वाहन चालक सम्मिलित हुए।

#### नियमित व्यायाम एवं योगाभ्यास की सलाह

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीआईपी सुरक्षा वाहिनी, माना के पीएसओ एवं पुलिस वाहन चालकों को संयुक्त अभ्यास एनएसजी के नेतृत्व में कराया गया। एनएसजी ग्रुप कमांडर अशोक कुमार पी. ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस जवानों की सराहना करते हुए उनके धैर्य और समर्पण की भावना की प्रशंसा की। सेनानी, वीआईपी सुरक्षा वाहिनी ने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रशिक्षार्थियों की संख्या और महत्व के बारे में जानकारी दी। एनएसजी टीम के कार्य की सराहना की। उन्होंने बताया कि रायपुर में बेसिक पीएसओ कोर्स के अलावा उच्च प्रशिक्षण के लिए जवानों को सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर नोएडा, मोईनाबाद (तेलंगाना पुलिस) और एनएसजी ट्रेनिंग सेंटर मानेसर भी भेजा जाता है।

## रायपुर केंद्रीय जेल की 200 से अधिक बंदिनी बहनों ने मोती, रेशम, कलर पेपर से अपने राजा भईया के लिए बनाईं आकर्षक राखियां

# रक्षाबंधन पर बंदिनी बहनों की भावनाएं होंगी आजाद, भाइयों की कलाई पर हैंडमेड राखियों से बांधेंगी पवित्र प्यार की डोर

भाई-बहन का प्यार संसार में सबसे अनोखा और पवित्र है। सामाजिक रीति-रिवाजों व परिस्थितियों के चलते भले ही भाई-बहन एक-दूसरे से दूर हो जाते हैं, पर पवित्र प्यार का यह बंधन जीवनभर अटूट रहता है। कुछ ऐसा ही इस रक्षाबंधन पर्व पर राजधानी के केंद्रीय जेल में देखने को मिलेगा, जहां जेल की महिला बंदियों ने अपने भाइयों के लिए बंदीगृह के अंदर हैंडमेड राखियां तैयार की हैं।

रायपुर। केंद्रीय जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री ने बताया कि जेल में कुल 200 से अधिक महिला बंदिनी हैं, जिन्होंने इस रक्षाबंधन अपने भाइयों के लिए अपने हाथों से राखियां बनाई हैं। इन्हीं राखियों को बंदिनी बहनें रक्षाबंधन पर आज उनसे मिलने जेल पहुंचने वाले अपने भाइयों की कलाई पर बांधेंगी। जेल प्रशासन की ओर से बंदिनियों को बंदिनी कल्याण कोष की राशि से हैंडमेड राखियां तैयार करने सहायता दी गई है। इन बंदिनी बहनों की अपने भाइयों के प्रति पवित्र प्यार की अथाह भावनाएं उनकी हैंडमेड राखियों के माध्यम से जेल की सलाखों से आजाद होंगी और भाइयों की कलाई पर रेशम के रंगबिरंगे धागों और उनमें पिरोए गए मोतियों के रूप में प्यार बांधेंगी। बंदिनी बहनों का यह प्रयास हर भाई-बहन को प्रेरित करने वाला है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों, बहन को भाई की कलाई पर पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षासूत्र बांधने से नहीं रोक सकती।

### 200 नग हैंडमेड राखियां की तैयार

सहायक जेलर रायपुर गृह जेल गरिमा पांडेय ने बताया कि बंदिनी बहनों ने कुल 200 नग हैंडमेड राखियां तैयार की हैं। इनमें से करीब 16 राखियों को बंदिनियों ने डाक पोस्ट के माध्यम से अपने भाइयों को भेजा है। वहीं शेष 174 राखियां रक्षाबंधन के दिन बंदिनी बहनें अपने भाइयों की कलाई पर बांधेंगी। जेल प्रशासन द्वारा प्रत्येक बंदिनी को 100 ग्राम मिठाई भी उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि बंदिनियों के भाई अपने साथ मिलते समय 100 ग्राम मिठाई लेकर आते हैं। इस प्रकार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जेल प्रशासन की ओर से नियमानुसार बंदिनी बहनों को जेल में उनके भाइयों की कलाई पर राखी बांधने की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। केंद्रीय जेल अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री ने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक जेल में पुरुष बंदी व महिला बंदिनियों के भाई-बहनें राखी बांधकर पर्व मना सकेंगे। इसके पूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। केंद्रीय जेल परिसर में सुविधा के लिए पानी, चिकित्सा टीम, बैठक व्यवस्था, पंजीयन काउंटर आदि की व्यवस्था की जा रही हैं।

### सोने-चांदी और डायमंड की राखियां

राखी से पहले गोलबाजार में राखी दुकानों पर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। जहां हजारों की संख्या में लोग राखी और उपहारों की खरीदारी करते नजर आए। बाजार में एक से बढ़कर एक डिजाइनर राखियां उपलब्ध रहीं। जहां समान्य बजट के अलावा सोने, चांदी और डायमंड के राखियों की भी खरीदारी की गई। इस वर्ष ज्वेलरी दुकानों में चांदी-सोने की राखियां हैंपर और पूजन थाल के साथ सजाया गया, जिसकी कीमत 500 से शुरू होकर लाखों तक तय की गई थी।



### राखी से पहले बाजार हुए गुलजार

दुकानों और स्टॉल्स में बड़ों के लिए पारंपरिक राखियां, बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां सजी रहीं। वहीं महिलाओं के लिए कंगन-स्टाइलिश राखियां देखने को मिलीं। भाइयों को दूरदराज राखी भेजने के लिए बहनों ने गिफ्ट हैंपर की खरीदी की, जिसमें चॉकलेट, टीका, रोली, चावल और राखी का सेट सजाया गया। व्यापारियों का कहना है कि इस बार राखी की खरीदारी जोरों पर रही, जहां महिलाओं की पहली पसंद हैंडमेड राखियां रहीं।



### नन्हे हाथों से बनाईं राखियां, रिश्तों में बंधी संवेदना की डोर

शहर की सामाजिक संस्था स्नेह फाउंडेशन द्वारा आमासिवनी स्थित शासकीय स्कूल में एक रचनात्मक और सांस्कृतिक पहल के तहत राखी मेकिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में राखी निर्माण की विशेषज्ञ बीना सोमानी ने बच्चों को राखी बनाने की विधि बताई और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों को राखी बनाने की बारीकियां सिखाने में सहयोग किया। इस अवसर पर स्नेह फाउंडेशन की टीम ने बच्चों को राखी के सांस्कृतिक महत्व से भी अवगत कराया। कहानियों और संवादों के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते के प्रेम, रक्षा और विश्वास का प्रतीक है। कार्यक्रम में संगीता अग्रवाल, स्निग्धा दीक्षित, सृजना, निकिता पाठक, के. सृजामा राव, प्रज्ञा अग्रवाल, अंजू देवांगन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। इस सराहनीय आयोजन ने न सिर्फ बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें भारतीय परंपरा और त्योहारों से जोड़ने का सुंदर प्रयास भी किया।

### बहन को न्याय दिलाने 22 साल से संघर्ष कर रहा भाई, पिता के बाद बहन बनी गॉर्जियन



आर्थिक खुशहाली के बीच जहां लोग पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होने लगे हैं। वहीं खर्च बचाने के लिए रिश्तों से कन्नी काटने लगे हैं। ऐसे दौर में भी कई मिसालें मिलती है, जिनके बारे में जानने और सुनने से विषम परिस्थितियों में संघर्ष करने तथा सफल होने की प्रेरणा मिलती है। एक भाई अपनी बहन को न्याय दिलाने के लिए 22 साल से जहां संघर्ष करते हुए संकल्पित है। वहीं लक्ष्मीनगर निवासी एक ऐसी बहन, जिसने पिता की सांसें थमने के बाद दो भाइयों और तीन बहनों की देखभाल गॉर्जियन की तरह करते हुए उन्हें काबिल बनाया।'

#### पिता ने दी संघर्ष की प्रेरणा, पॉजिटिव रिजल्ट

लक्ष्मीनगर पचपेड़ी नाका क्षेत्र में रहने वाली अनिता सोनवानी के संघर्ष की कहानी कुछ अलग है। उन्होंने चर्चा में बताया कि पिता स्व. खेलूराम सोनवानी सरकारी महकमे में सेवा देते हुए हम सात बहनों और दो भाइयों का लालन-पालन करते 1990 में उनकी सांसें थम गईं। तब तक मेरे सहित तीन बहनों की शादी हो गई थी। घर-परिवार की उलझन और ससुराल के बीच तालमेल नहीं बना और तलाक लेने के बाद मायके आई। तब तीन बहनें और दो भाई छोटे थे। पिताजी कहते थे, आर्थिक तंगी और विषम परिस्थितियों के बीच तालमेल बनाना ही नहीं, बल्कि नौकरी भी शिक्षा से ही संभव है।

#### पढ़ाई के लिए जुटाते थे किताबें और कॉपियां

उन्होंने बताया कि मायके आने के बाद खेती से होने वाली आय और पेंशन सहारा था। खुद पढ़ाई की इंदिरा गांधी कृषि विश्वद्यालय में सेवा देती हूं। एक भाई रेलवे में सेवा दे चुका है, एक बहन शिक्षिका है। एक-दूसरे का सहारा बनते और संघर्ष करते हुए सभी दायित्व निभाए। पढ़ाई करने एक-दूसरे के लिए दोस्तों से किताबें-कॉपियां जुटाते थे।

### बहनों ने हाथों पर लिखवाया भाई का नाम



राखी से एक दिन पहले मेहंदी लगाने वालों की दुकानों और स्टॉल्स पर देर रात तक महिलाओं की भीड़ देखने को मिली, जहां बहनें मेरा प्यारा भाई, हैप्पी रक्षाबंधन के मैसेज के साथ भाई-बहन का तस्वीर हाथों पर बनवाती दिखीं। वहीं कई बहनों ने अपने भाइयों का नाम हाथ पर लिखाया। ऐसे में फ्लोरल बेल, इंडो-अरेबिक जैसी डिजाइन के साथ मेहंदी लगाई गई।

### गायत्री परिवार की बहनों ने बंदियों को बांधी राखी



गायत्री परिवार रायपुर की बहनों ने गुरुवार को केंद्रीय जेल के बंदी भाइयों के बीच पहुचंकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर गायत्री परिवार महिला मण्डल की बहनों ने 200 बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी व उपहार स्वरूप उनसे भविष्य में सद्मार्ग पर चलने तथा जेल से रिहाई के बाद अच्छा नागरिक बनकर समाजसेवा व देशसेवा करने का वचन लिया।

### प्रगति महाविद्यालय में राखी बनाओ प्रतियोगिता



शुक्रवार को प्रगति कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा सांस्कृतिक एवं सहपाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत हैंडमेड राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कलर पेपर, स्टोन, मोती, फूल, पत्तियों, अनाज व फ्रूट्स के बीजों से इको व फैंसी दोनों तरह की राखियां तैयार की गई। बीकॉम और बीबीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### जेआर किड्स स्कूल की बहनों ने भाइयों को बांधी राखी

रक्षाबंधन के पूर्व जेआर किड्स एवं मां कर्मा विद्या मंदिर, मितान विहार दलदल सिवनी, गायत्री नगर की छात्राओं ने स्कूल के छात्रों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। इस अवसर पर राखी बनाओ तथा मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## लाइव इवेंट

### महानगर की तर्ज पर मिलेगा पैन एशियन व्यंजन इंटीरियर आधुनिकता का मिलेगा अनुभव



रायपुर। भारत के अग्रणी रेस्तरां समूह मैसिव रेस्टोरेंट्स प्रा. लिमिटेड ने अपने फ्रेंचाइजी अभिषेक और अमित बाहेती के साथ फ्लैगशिप ब्रांड पा पा या का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ किया। जोरा मॉल, जो कि शहर का प्रमुख लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन है, अब पा पा या रायपुर का नया पता बन गया है। इस लॉन्च के साथ रायपुर भी उन चुनिंदा शहरों की कतार में आ गया है, जहां पहले से ही मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और रांची जैसे महानगरों में पा पा या की सफल उपस्थिति रही है। पा पा या की शुरुआत पैलेडियम मॉल मुंबई से हुई थी, जो भारतीय भोजन संस्कृति में एक नई क्रांति लेकर आया। डिम सम, सुशी और अन्य पैन एशियन व्यंजन, जो कभी केवल पांच सितारा होटलों तक सीमित थे, उन्हें आम जनता के लिए सुलभ, इनोवेटिव और यादगार बना दिया गया। अपने बोल्ड फ्लेवर, बेहतरीन प्रेजेंटेशन और आधुनिक डाइनिंग अनुभव के लिए प्रसिद्ध यह ब्रांड अब पूरे देश में पैन एशियन वेव का नेतृत्व कर रहा है।

#### मेन्यू में इनोवेटिव आइटम्स शामिल

रायपुर का नया आउटलेट 127 सीटिंग कैपेसिटी के साथ तैयार किया गया है, जिसमें एक खूबसूरत 40-सीटर रूफटॉप, एक प्राइवेट डाइनिंग रूम और शहर का पहला लाइव सुशी बार शामिल है। इसका इंटीरियर आधुनिकता और एशियाई कलात्मकता का अद्भुत संगम है, जो ग्राहकों को न केवल भोजन का स्वाद, बल्कि एक शानदार अनुभव भी प्रदान करता है। पा पा या रायपुर के मेन्यू में बारीकी से तैयार किए गए डिम सम्स, सिग्नेचर सुशी रोल्स, एशियन टपास और मॉलिक्यूलर कॉकटेल्स जैसे इनोवेटिव आइटम्स शामिल हैं। यह रेस्टोरेंट सिर्फ एक डाइनिंग डेस्टिनेशन नहीं, बल्कि एक यात्रा है, जो परंपरा को आधुनिक तकनीकों और क्रिएटिविटी से जोड़ती है।

## आराधना

### मंत्रोच्चार-शांति विधान के साथ गूंजेंगे देशभक्ति गीत



रायपुर। सकल दिगंबर जैन समाज आचार्य विद्यासागर महामुनिराज द्वारा दीक्षित विद्वान व आगम के साथ जीवन जीने और मोक्ष मार्ग की पथिक आर्यिका संघ छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंदिरों में वर्षायोग की स्थापना करते हुए श्रावक श्राविकाओं को धर्म के पथ पर चलने और मानव जीवन सफल करने की प्रेरणा दे रही हैं। लभांडी स्थित पद्मप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में अंतर्मती माता के ससंघ और सानिध्य में जैन समाज के लोग जुड़ रहे हैं। जिस विधान के माध्यम से 700 मुनियों के ऊपर आए उपसर्ग का निदान हुआ, जीवन व धर्म की रक्षा हुई। ऐसे में तीन दिन रक्षाबंधन का विधान किया जा रहा है। ससंघ प्रेरणा से चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में एक दिवसीय रक्षाबंधन विधान के बाद अशोका रतन स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व शांति और सौहार्द्र का वातावरण निर्मित हो, इसके लिए 16 दिनों तक 1008 शांति विधान का आयोजन किया जा रहा है।

#### पहली बार होगा इस तरह का विधान

शहर में पहली बार ऐतिहासिक रूप से इस प्रकार का विधान किया जा रहा है, जिसमें श्रावण शुक्ल तेरस प्रथम दिवस 300 अर्घ, श्रावण शुक्ल चतुर्दशी द्वितीय दिवस 300 अर्घ और श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के तृतीय दिवस पर 100 अर्घ समर्पित करेंगे। श्रावक विवेक जैन ने मनोहारी मॉडल की रचना किया है। इससे विधान को संपन्न किया जा रहा है। इसमें समाज के लोग उत्साह से भाग ले रहे हैं। अतिथि शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर के प्रसिद्ध मंदिर गुनायतन के अध्यक्ष विनोद काला की पत्नी किरण और पुत्र आर्यिका संघ के साथ पहुंचे हैं। शास्त्र भेंट करते हुए उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया। लभाण्डी मंदिर एवं वर्षायोग समिति की सदस्या सरोज पाटनी व कोषाध्यक्ष आशा बड़जात्या ने उनका अभिनंदन किया।

## राजधानी के कई मंदिरों में सावनभर आयोजन, अब अनुष्ठान की होगी विधिवत पूर्णाहुति

# शिवालयों में सावन माहभर भक्तों ने किया भजन-कीर्तन और रामायण पाठ, आज रात मंत्रोच्चार के साथ होगा हवन

कार्नर न्यूज




*रायपुर। भगवान शिव की आराधना और उपासना के लिए पवित्र माह सावन भक्ति से सराबोर रहा। शहर के कई मंदिरों में वर्षों से अलग अंदाज और भक्ति से जुड़े लोगों की सहभागिता से भजन-कीर्तन सहित कई तरह के भक्तिमय आयोजन किए। इस कड़ी में बूढ़ापारा के श्रीहनुमान मंदिर में आयोजन समिति ने संगीतमय अखंड रामायण पाठ की परंपरा 25वें वर्ष भी पारंपरिक अंदाज में निभाते हुए महीनेभर क्षेत्र के लोगों को भक्तिमय माहौल में उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर दिया। इस भक्तिमय माहौल का महीनेभर व्यवस्था का हिस्सा बनाने में बूढ़ापारा क्षेत्र के लोगों ने भी श्री हनुमान मंदिर में सहयोग दिया। इस सावन में भी पहले दिन से संगीतमय अखंड रामायण पाठ का सिलसिला दिलीप महाराज ने मंदिर में शुरू किया था। अब समिति के अध्यक्ष मनोज इंचुरकर सहित सभी पदाधिकारी और आसपास रहने वाले परिवार के लोग भी संगीतमय अखंड रामायण पाठ की प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए तय समय में पाठ करने पहुंचते रहे हैं।*









सर्वमंगल फाउंडेशन की वुमंस ग्रुप ने 'आया सावन झूम के' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। संस्था की अध्यक्ष अनिता दुबे ने बताया कि सावन उत्सव में सनातन संस्कृति, हरित श्रृंगार और महादेव रुद्राभिषेक के महत्व पर मातृशक्तियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में सावन से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रश्नोत्तरी, बारह ज्योतिर्लिंगों के नाम, सोलह श्रृंगार के नाम, सावन का महत्व, हाऊजी गेम, कुर्सी दौड़, गीत-संगीत और डांस शामिल थे।

### नीलकंठेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को 11 हजार रूद्राक्ष बांटेंगे, देवालयों में सुबह से अनुष्ठान

सावन के अंतिम दिन शहर स्थित शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है, जहां ब्रह्ममुहूर्त से ही शिवलिंग पर अभिषेक पूजन प्रारंभ होगा। नीलकंठेश्वर मंदिर, सरोना स्थित शिव मंदिर, हाटकेश्वर महादेव समेत विशेष मंदिरों में भोग-भंडारे और भव्य श्रृंगार दर्शन करने का अवसर मिलेगा। स्टेशन रोड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर में नेपाल से लाए गए 11 हजार रूद्राक्ष का वितरण श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप होगा। वहीं भगवान शिव पर 108 प्रकार के औषधि, 7 प्रकार के फलों के रस व पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मंदिर में भूतेश्वर महादेव के स्वरूप में दर्शन करने का अवसर मिलेगा, ऐसे में शहर के सैकड़ों मंदिरों व संस्थाओं द्वारा हजारों शहरवासियों के लिए जगह-जगह पर भंडारे की व्यवस्था भी की गई है।

### रक्षाबंधन के दिन थमेगा पूर्णाहुति हवन का सिलसिला

श्री हनुमान मंदिर के पं. रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 8 बजे से अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के लिए हवन का सिलसिला शुरू हो जाता है। महाराज ने बताया कि इस बीच सावन महीने में जितनी बार अखंड संगीतमय रामायण पाठ क्रम मंदिर में चला है। उतनी बार के रामायण पाठ पूर्णिहुति का विधान किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार की रात 8 बजे से श्रावण पूर्णिमा के दिन तक पूर्णाहुति हवन का क्रम चलता है। इसमें समिति के लोग परिवार सहित शामिल होते हैं। भक्त भी परिवार के साथ अनुष्ठान के पूर्णाहुति हवन में शामिल होते हैं। हवन का समापन होने के बाद भक्तों के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी सहयोग और सेवा देने के लिए पहुंचते हैं। महीनेभर चलने वाले इस संगीतमय रामायण पाठ का संचालन लोगों की सहभागिता से होता है।

### उत्सव और भक्ति का माहौल बनाने भजन

श्री नरहरेश्वर महादेव मंदिर में सावन का उत्साह हर साल खास होता है। इस साल भी अखंड रामायण पाठ के साथ ही उत्सव विधि-विधान से विश्रांति की तैयारी शुरू की गई है। पं. देवचंद शर्मा के सानिध्य में विधि-विधान से सावन में अखंड रामायण पाठ संचालन का क्रम चलता है। अब रविवार को सुबह पूर्णाहुति होगी, शाम तक भोग भंडारे में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करने बड़ी संख्या में आएंगे। भोग-भंडारे के दौरान व्यवस्था बनाने में भक्त परिवार भी सहयोग करते हैं।

### सावन के अंतिम दिन हिंडोला महोत्सव की धूम

शहर स्थित गोपाल मंदिर, गोकुलचंद्रा मंदिर, गिरिराज मंदिर और इस्कॉन मंदिर में सावन के अंतिम दिन भव्य हिंडोला सजाया जाएगा। साथ ही देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। अंतिम दिन मंदिरों को बाग-बगीचे की तर्ज पर गोकुल गांव के दृश्य में सजाया जाएगा। इस दौरान मंदिरों में विशेष 56 भोग प्रसादी स्वरूप अर्पित की जाएगी।

# सरकारी अस्पताल में पहली बार पाईपेक पद्धति का प्रयोग, तीन सेशन में हुआ कैंसर के मरीज का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यभारत के किसी सरकारी अस्पताल में पहली बार पाईपेक पद्धति से कैंसर पीड़ित महिला का इलाज किया गया। इस पद्धति के जरिए दवाओं को सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचाया और तीन सेशन में मरीज का उपचार किया गया। यह प्रक्रिया उन मरीजों के लिए उपयोगी साबित होती है, जिनमें सामान्य कीमोथैरेपी या सर्जरी कारगर नहीं होती। आंबेडकर अस्पताल के आंकोलॉजी विभाग के डा. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पाईपेक एक नवीन और उन्नत तकनीक है, जिसमें कीमोथैरेपी की दवा को अत्यंत सूक्ष्म कणों में एयरोसोल के रूप में पेट की गुहा में दबाव के साथ डाला जाता है। इससे दवा सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचती है और पूरे शरीर में फैलने वाले दुष्प्रभावों से भी बचा जा सकता है। इस प्रक्रिया में केवल दो छोटे- छोटे छेदों से दवा पहुंचाई जाती है, जिससे पारंपरिक सर्जरी की तुलना में मरीज को ज्यादा आराम मिलता है। शोध के अनुसार पाईपेक से उपचार प्राप्त करने वाले 60 से 80 फीसदी मरीजों में सुधार देखा गया है। आमतौर पर मरीज इस पद्धति का एक सत्र ही पूरा कर पाते हैं, क्योंकि मरीज के चयन, पोस्ट ऑपरेटिव केयर ठीक नहीं होने से उपचार के बाद जटिलता की काफी संभावना होती है। कैंसर रोग विभाग में आई महिला मरीज ने तीनों सत्र को पूरा किया और वर्तमान में उसकी स्थिति स्थिर है तथा वह सामान्य जीवन जी रही है। डा. गुप्ता ने बताया कि देश में यह प्रक्रिया कुछ निजी व उच्चतर शासकीय संस्थान एम्स दिल्ली, टाटा मेमोरियल मुंबई में प्रारंभ हुई थी। वर्तमान में पं. नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर ने यह प्रक्रिया पूर्ण की है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचती है दवा, दुष्प्रभाव का जोखिम कम

**पेट की झिल्ली के कैंसर से पीड़ित महिला को इलाज से मिली राहत**



### आधुनिक तकनीक का उपयोग

चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा है कि यह सफलता आंकोसर्जरी विभाग के चिकित्सकों की टीम की अनुभवशीलता, सूझबूझ और अत्याधुनिक तकनीकों के समुचित उपयोग का परिणाम है। विभाग की यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य भारत के कैंसर रोगियों के लिए आशा की एक नई किरण है।

# खाने-पीने के सामान के तीन दिन में उठाए गए 790 सैंपल, रिपोर्ट आएगी त्योहार बीतने के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में तीन दिन तक अभियान चलाकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने खाद्य पदार्थों के 790 सैंपल उठाए हैं। इनकी जांच के बाद रिपोर्ट आने और आगे की कार्रवाई पूरी होने में त्योहारी सीजन बीतने की संभावना है। राज्य में इन खाद्य पदार्थों के सैंपलों की जांच के लिए एकमात्र टेस्टिंग लैब है, जहां कर्मचारियों की संख्या भी सीमित होने की वजह से जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

- एकमात्र टेस्टिंग लैब, कर्मचारी भी सीमित इसलिए जांच में देर

विभागीय टीम ने तामझाम के साथ तीन दिन तक अभियान चलाया था। इस दौरान आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मामलों का खुलासा हुआ था। इसके अलावा दही, त्योहार में बिकने वाली मिठाइयों के साथ अन्य खाद्य पदार्थ के राज्य में कुल 162 विधिक और 628 सर्विलेंस नमूने लिए गए थे। सभी को लैब भेजा जा चुका है, जहां टेस्टिंग के बाद रिपोर्ट आने में काफी वक्त लगने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक नमूनों की जांच और रिपोर्ट में देर की एकमात्र वजह राज्य स्तर की लैब में पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन का नहीं होना है। सूत्रों के अनुसार अभी राज्य की प्रयोगशाला में केवल तीन अधिकारी टेस्टिंग की जिम्मेदारी संभालते हैं।



### मोबाइल वैन में जांच पांच फीसदी अमानक

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की आठ गाड़ियां इस दौरान बाजार में घूमते हुए प्रतिष्ठानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करती रहीं। तीन दिनों में 1978 खाद्य नमूनों की जांच हुई, जिसमें 1886 सही पाए गए। केवल पांच फीसदी यानी 58 नमूने अमानक, 24 मिथ्याछाप तथा 10 असुरक्षित पाये गये। अमानक मिले खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इनमें मलाई पेड़ा, दही, रसगुल्ला, पनीर, खोवा, लड्डू जैसे खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया।

### ठंडा पड़ा पनीर का मामला

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा पिछले कुछ समय में पकड़ा गया पनीर और उसकी जांच का मामला अब चर्चा में आने लगा है। रेलवे स्टेशन के बाद भाठागांव, शंकर नगर के साथ विभिन्न इलाकों में एनालॉग पनीर के मामले पकड़े गए थे। उस दौरान सैंपल लेने और पनीर जब्ती के दावे तो किए गए थे, मगर इसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई है। एनालॉग पनीर दूध के बजाए मिल्क पावडर और वनस्पति घी की मदद से बनाए जाते हैं।

# सड़क तक वाहन पार्क, जुडियो स्टोर संचालक पर 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में ट्रैफिक समस्या का कारण कई बड़े व्यावसायिक भवन भी बन रहे हैं। इन व्यावसायिक भवनों में पार्किंग की व्यवस्था तो की जाती है, लेकिन अव्यवस्था होने के कारण ग्राहक सड़क तक वाहन पार्क कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक समस्या की स्थिति पैदा हो रही है। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को ऐसे ही कुछ व्यावसायिक भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान पंडरी स्थित जुडियो स्टोर के संचालक को नोटिस जारी कर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

जोन-3 कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि निवेश विभाग की टीम ने पंडरी मुख्य मार्ग पर स्थित कई व्यावसायिक भवनों की पार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान जुडियो स्टोर की पार्किंग में अव्यवस्था पाई गई। इस स्टोर के सामने परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, लेकिन गाड़ियां व्यवस्थित रूप से पार्क नहीं किए जाने के कारण कई गाड़ियां सड़क तक खड़ी थी। टीम ने स्टोर के संचालक को रेड मार्किंग कर पार्किंग को व्यवस्थित करने के निर्देश देते हुए नोटिस दिया, साथ ही 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।




# दिवंगत कवि सुरेंद्र दुबे की अंतिम कृति का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार शाम स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे की जयंती के अवसर पर उनकी अंतिम काव्य कृति मैं छत्तीसगढ़ बोलता हूं के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन राजधानी स्थित मैक कॉलेज ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। मुख्यमंत्री श्री साय ने पद्मश्री डॉ. दुबे को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा के संवर्धन में अमूल्य योगदान दिया। वे एक ऐसे हास्य कवि थे, जिन्होंने देश-विदेश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया और राज्य को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज हम डॉ. सुरेंद्र दुबे जी की अंतिम कृति का विमोचन कर रहे हैं। वे आज भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं और उनकी अनुपस्थिति हम सभी को गहराई से खल रही है। यह छत्तीसगढ़ और साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।






## पेज 9 के शेष

### रक्षाबंधन पर लोकल...

यात्रियों की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कोच के दरवाजों तक लोग लटके नजर आए। महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षित कोच भी आम यात्रियों से ठसाठस भर गए। हर लोकल ट्रेन में रायपुर से एक साथ 200 से अधिक यात्री सवार हुए। ऐसी स्थिति दुर्ग, भिलाई, भाटापारा, समेत बिलासपुर स्टेशन में भी देखने को मिली। नियमित दैनिक यात्रियों के साथ त्योहारी भीड़ जुड़ने से दिनभर ट्रेनें पैक होकर दौड़ती रहीं। भीड़ बढ़ने की एक बड़ी वजह बस सेवाओं में दबाव भी रही। कम दूरी के रूट पर चलने वाली बसों में दोपहर से ही यात्रियों की तादाद इतनी बढ़ गई कि बस में चढ़ने के लिए लोगों को दो से तीन घंटे तक सड़कों और बस स्टैंड में इंतजार करना पड़ा। बसों में सीट न मिलने से कई यात्री अंततः ट्रेन की ओर रुख करने लगे, जिससे लोकल ट्रेनों में और ज्यादा भीड़ हो गई।

### मुलाकाती कक्ष में...

बदसलूकी की। मामले की गंभीरता तथा जेल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेल प्रशासन ने मामले की जांच करने के बाद शोएब के जेल में किसी भी बंदी से मिलने तीन महीने के लिए रोक लगाने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही शोएब के खिलाफ शुक्रवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उत्तरप्रदेश एसटीएफ पूर्व में अनवर ढेबर को पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट में अपने साथ कानपुर ले जा रही थी। उस दौरान भी जेल के बाहर शोएब के साथियों ने एसटीएफ के सामने बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की थी। एसटीएफ की चेतावनी के बाद मामला शांत हुआ था।

### हटा मानसून ब्रेक...

मानसून ब्रेक की स्थिति बन गई थी। वर्षा की गतिविधि में विराम लगने की वजह से गर्मी बढ़ने लगी थी और लोगों को असहजता महसूस होने लगी थी। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अब ब्रेक वाली स्थिति हट गई है और पिछले चौबीस घंटे में मानसून की गतिविधि में बढ़ोतरी हुई है। राजधानी में शाम होने के बाद आधे घंटे तक तेज बारिश होती रही वहीं बस्तर के ओरछा में 12, बस्तर, कुसमी, कोहकामेटा, करपावंड, वाड्रफनगर, मैनपुर में 7-7 सेमी. कुनकुरी में 6, बकावंड, कटेकल्याण, छोटेडोंगर, चलगली, जगदलपुर में 5-5 सेमी. बारिश हुई। इसके अलावा करीब दो दर्जन स्टेशनों में चार से एक सेमी. पानी बरसा। शुक्रवार को राजधानी में दिनभर बादल छाए रहे मगर पानी नहीं बरसा। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में बरसात की अवधि में विस्तार होने की संभावना है।

### तीन दिन में हत्या...

उसने अपनी भाभी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उरला पुलिस ने धीरज साहू की हत्या के आरोप में संजय महतो, संतोष महतो, राजीव कुमार, पप्पू कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से मिले फूटेज से पहचान कर धर-दबोचा। पुलिस के अनुसार, पेशे से मजदूर धीरज अपने एक अन्य साथी के साथ मजदूरी कर फैक्ट्री से बाहर निकला। फैक्ट्री के बाहर धीरज की बाइक पर एक अज्ञात युवक बैठा था, जिसे धीरज ने उतरने के लिए कहा। इस बात से नाराज होकर अज्ञात युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर धीरज की बुरी तरह से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल धीरज की अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार को अस्पताल में मौत हो गई।


**भाभी की हत्या के आरोप में देवर गिरफ्तारः** विधानसभा पुलिस ने कामेश्वर बंजारे को अपनी भाभी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कामेश्वर के भाई देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका भाई आए दिन अपनी पत्नी के साथ विवाद तथा मारपीट करता था। गुरुवार को कामेश्वर अपनी पत्नी के साथ विवाद कर रहा था। पति-पत्नी के बीच विवाद होते देख देवेंद्र की पत्नी संगीता कामेश्वर को समझाने और विवाद करने से रोकने पहुंची। इस पर नाराज होकर कामेश्वर ने अपनी भाभी के गले पर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### चना बीज घोटाले में...

तहसील क्षेत्र के ग्राम भुरका-तोरला एवं ग्राम टीला-चंपारण ग्रामों में चना बीज वितरण में घोटाले का यह मामला नवंबर 2024 का है। इस घोटाले की जांच दिसंबर में की गई। जांच के बाद यह फाइल करीब तीन माह तक तहसील कार्यालय में डंप रही। इसके बाद इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो फाइल जिला कृषि विभाग को भेजी गई। जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारियों को दोषी पाए जाने पर भी विभाग ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया और फाइल को करीब ढाई माह तक विभाग में ही दबी रही।

नए अधिकारी के आते ही मामले की विभागीय जांच शुरू

जिला कृषि विभाग के अधिकारी का तबादला होने के बाद नए अधिकारी के आने के बाद अब इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। इसके तहत पुरानी जांच रिपोर्ट में जो कमी है, उसे दूर कर नई रिपोर्ट तैयार की जा रही है।












## खबर संक्षेप



### विस अध्यक्ष डॉ. रमन से मंत्रिप्त कौर ने की भेंट

**रायपुर।** वार्ड पार्षद डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में रोवर रेंजर अवार्डी मंत्रिप्त कौर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डॉ. रमन ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने की बधाई दी। साथ ही मंत्रिप्त के पिता गुरजीत सिंह संधू को भी शुभकामनाएं दी।

### मिनीमाता की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम 11 को

**रायपुर।** मिनीमाता की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त सुबह 11 बजे शहर के पुराना बस स्टैंड पंडरी स्थित उनकी प्रतिमा स्थल में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है। नगर निगम के संस्कृति विभाग एवं जोन-2 कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम होगा। इस दौरान निगम के अधिकारी-कर्मचारी मिनीमाता को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर फुल, माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि देंगे।

## निधन

### शैलेश फौजदार



**रायपुर।** दुबे कॉलोनी निवासी शैलेश मानेकलाल फौजदार का 8 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुधीर फौजदार के बड़े भाई एवं विशाल फौजदार के बड़े पिता थे।

### शिव कुमार तिवारी



**रायपुर।** राम मंदिर दीक्षित गली मालवीय रोड निवासी शिव कुमार तिवारी का 8 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे ऋषि कुमार तिवारी के छोटे भाई, सचिन, नीरज और रितिक के पिता थे। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने उनके निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### योगेश कुमार साहू



**रायपुर।** टिकरापारा श्रीराम चौक निवासी योगेश कुमार साहू (21) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा श्मशानघाट में किया गया। वे समय लाल साहू के पुत्र थे।

### आवत राय मंधानी



**रायपुर।** राजीव नगर रायपुर निवासी आवत राय मंधानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 अगस्त को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया वे भोजराज मंधानी के भाई एवं विजय कुमार, स्व. राजेश कुमार, दिलीप कुमार मंधानी के पिता थे।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सुरेश कुमार सिंगल उम्र 56 वर्ष पिता चुनीलाल सिंगल, निवासी अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्रीमती कविता शोभवानी, उम्र 47 वर्ष, पति श्री ओमप्रकाश शोभवानी जाति सामान्य निवासी बी-6, कटोरा तालाब गर्ल्स स्कूल के पास, शैलेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की दूकान जो कि, मौजा अमलीडीह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्र. 46, प.ह.नं. 69, रा.नि.म. रायपुर-2, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा क्र. 115/109 का भाग, रकबा 550 वर्ग फीट परिवर्तित भूमि, जिसके सम्पूर्ण भू-भाग में भूतल एवं प्रथम तल में दुकान निर्मित है, को क्रय करने हेतु इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दी है मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन शेष है।

अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्थान, निगम, समिति, बैंक, वित्तीय संस्थान, निजी, शासकीय अथवा अर्ध-शासकीय संस्थान आदि को उक्त अंतरण मे हक, हित, स्वामित्व, आधिपत्य भार संबंधी या अन्य कोई दावा, उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि के 7 दिवस के भीतर मेरे उल्लेखित कार्यालय मे मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि उपरान्त कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बाध्यकारी नही होगी तथा उक्त अंतरण के संबंध मे शून्य व अवैध मानी जावेगी। समयावधि उपरान्त मेरा पक्षकार शेष प्रतिफल अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 08.08.2025

**प्रदीप मिश्रा (अधिवक्ता)**
**कार्यालयः शॉप क्र. 21, प्रथम तल, भक्त माता कर्मा परिसर, न्यू राजेंद्र नगर, रायपुर (छ.ग.) मो.न.92296-11792**

# अभा. कोटे की वजह से राज्य में भी खिसकी काउंसिलिंग की तारीख, एडमिशन 18 अगस्त से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

- पूर्व में 14 अगस्त तक पूरा होना था पहले राउंड का प्रवेश, अभी 11 तक संस्था चयन का मौका
- राज्य और प्रबंधन कोटे की 1733 एमबीबीएस सीट पर एडमिशन, चिकित्सा शिक्षा विभाग करा रहा काउंसिलिंग

अखिल भारतीय नियतांश की सीटों पर एडमिशन की तारीख संशोधित होने की वजह से राज्य कोटे की काउंसिलिंग की तारीख आगे खिसका दी गई है। अब पहले राउंड में प्रवेश की प्रक्रिया 18 से 23 अगस्त के बीच पूरी होगी, जो पूर्व में 14 अगस्त तक पूरी होनी थी। अभ्यर्थियों को अभी 11 अगस्त तक संस्था चयन का मौका दिया गया है। राज्य के दस शासकीय और चार निजी मेडिकल कालेजों को वर्ष 2025-26 में प्रवेश के लिए मान्यता दी गई है। इन कालेजों में राज्य और प्रबंधन कोटे की एमबीबीएस की 1733 सीट है। इस पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पूरी की जा रही है। राज्य और प्रबंधन की सीटों पर दावेदारी करते हुए करीब दस हजार अभ्यर्थियों ने अपना ऑनलाइन आवेदन जमा किया है। नये शेड्यूल के अनुसार ऑनलाइन आवेदन 10 अगस्त और संस्था चयन की प्रक्रिया 11 अगस्त तक पूरी की जाएगी।

इसके बाद मेरिट लिस्ट, सीटों का आवंटन और दस्तावेजों स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया 18 से 23 अगस्त के बीच पूरी की जाएगी। काउंसिलिंग के दूसरा राउंड की प्रक्रिया इस माह के अंतिम दिनों में शुरू होने की संभावना है। राज्य में इस बार डेंटल कालेज की सौ सीटें निजी कालेज को मान्यता मिलने के बाद बढ़ी है। वहीं सीबीआई की दखल के बाद एक निजी मेडिकल कालेज कम हुआ है।



### बीडीएस की 700 सीटें

*राज्य में अब एक सरकारी के साथ निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या सात हो चुकी है, जहां कुल सात सौ सीट है। शासकीय कालेज में 12 सीट ऑल इंडिया और सेंट्रल पूल की है और बाकी राज्य एवं प्रबंधन कोटे से सबंधित है। बीडीएस में एडमिशन का विकल्प अभ्यर्थियों के लिए अंतिम होता है। डेंटल कालेजों में पीजी सीट के प्रवेश के लिए स्ट्रे राउंड तक की प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है।*

## इनमें से कुछ में ही हुई कार्रवाई

# अवैध प्लाटिंग के दो प्रकरण में एफआईआर निगम क्षेत्र में 398 खसरा किए गए थे ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग के प्रकरण में नगर निगम अब सख्त कार्रवाई करने लगा है। इसके तहत अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर भी कराई जा रही है। ऐसे ही दो प्रकरण रामनगर में सामने आए हैं, जिसमें डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है।

निगम ने अवैध प्लाटिंग पर सख्ती जरूर की है, लेकिन शहर में ऐसे पुराने थोक में प्रकरण हैं, जिस पर रोक लगाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इनमें से ज्यादातर प्रकरणों में विभिन्न जोन कार्यालयों की ओर से थानों में शिकायत भी हुई हैं, लेकिन संबंधित जमीनों के दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन मामलों में एफआईआर भी नहीं हो पाई है।

### इन दो प्रकरण में एफआईआर

जोन- 7 नगर निवेश विभाग को सूचना मिली कि रामनगर क्षेत्र में भूमि-स्वामी जमीन को टुकड़ों में विभाजित कर प्लाट को बेच रहे हैं। विभाग की टीम ने जांच करते हुए दोनों प्रकरण में कार्रवाई करते भूमि स्वामियों के विरुद्ध नामजद गुढ़ियारी थाना में एफआईआर कराई। एक प्रकरण में प्लाटिंगकर्ता संतोषी बाई, शिव कुमार, महेंद्र साहू, शिव बाई, भावा बाई के विरुद्ध तथा दूसरे प्रकरण में भूमिस्वामी प्लाटिंगकर्ता नरेंद्र, जयप्रकाश, अजय, रमा, ललिता, अनिता, सविता, महेश कुमार, रविप्रकाश, भीमा, रामदुलारे, ईश्वर कुमार के विरुद्ध अपराध दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों प्रकरण में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत 292 (ग) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



- शहर में ऐसे पुराने थोक में प्रकरण हैं, जिस पर रोक लगाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हो पाई
- जमीनों के दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन मामलों में भी नहीं हो पाई एफआईआर

### मुजगहन-टिकरापारा थाना में 91 आवेदन लंबित

*अवैध प्लाटिंग के पुराने प्रकरणों में जोन-10 कार्यालय से करीब 91 प्रकरणों पर एफआईआर कराने के लिए टिकरापारा और मुजगहन थाने में आवेदन दिए गए हैं। इसमें एक प्रकरण में भी एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। इसका कारण जमीन के दस्तावेज है जो आवेदन के साथ पुलिस को उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।*

### एफआईआर कराने में आ रही दिक्कत

*अवैध प्लाटिंग के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जरूर दिए हैं, लेकिन थानों में एफआईआर दर्ज कराने में सीमांकन और बटांकन के दस्तावेजों को थाना में जमा नहीं करने पर पुलिस एफआईआर भी नहीं कर रही है। वर्ष 2023 में जिले में 35 प्रकरण में एफआईआर हुई है, जबकि सैकड़ों प्रकरण अभी भी विभिन्न थानों में दस्तावेजों के अभाव के कारण लंबित है।*

### अवैध प्लाटिंग मामले में 2023 में 398 खसरा नंबर किए गए थे ब्लॉक

अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नगर निगम अब जरूर सख्त रवैया अपना रहा है। इसके तहत एफआईआर भी कराना शुरू कर दिया है, लेकिन निगम क्षेत्र में वर्ष 2023 में ऐसी थोक में जमीनें थीं, जहां अवैध प्लाटिंग की गई थी। इसके तहत मार्च 2023 में 398 खसरा नंबर की कुल 41.6477 हेक्टेयर जमीन पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर न केवल रोक लगाई गई थी, बल्कि इन जमीनों के खसरे भी ब्लॉक किए गए थे। हालांकि नियम के तहत अवैध प्लाटिंग पर खसरा ब्लॉक करने का प्रावधान नहीं है। इसे देखते हुए इन ब्लॉक खसरा नंबर की जमीनों पर अवैध प्लाटिंग करने वालों में गिने-चुने लोगों के विरुद्ध ही एफआईआर निगम ने कराई थी।

### इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग

प्रशासन ने जिन खसरों को ब्लॉक किया था, उनमें ज्यादातर जमीन अमलीडीह, देवपुरी, गोंदवारा, रामनगर, उरकुरा, डूंडा, बोरियाखुर्द, भाठागांव आदि क्षेत्र की है। इसके अलावा भी शहर में कई जगहों पर अवैध प्लाटिंग कर जमीने बेच दी गई है, जहां अवैध कालोनी, मकान, फ्लैट्स बन चुके हैं। यहां रहने वाले लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्या से जूझ रहे है।

# नया रायपुर में मुरुम माफिया सक्रिय, पकड़ी गई जेसीबी-हाईवा मालिकों के विरुद्ध एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नया रायपुर में मुरुम माफिया सक्रिय है, जिससे इस क्षेत्र के कई ग्रामों में अवैध रूप से मुरुम का उत्खनन किया जा रहा है। मंदिर हसौद पुलिस ने गुरुवार को तड़के इस क्षेत्र में छापा मार कर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन में संलग्न 7 जेसीबी, 9 हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर ट्राली गाड़ी पकड़ी है।

इन सभी जेसीबी एवं गाड़ी मालिकों के विरुद्ध पुलिस ने अब नामजद एफआईआर भी की है। पुलिस की इस कार्रवाई से खनिज विभाग की पोल भी खुल गई है, क्योंकि अभी तक खनिज विभाग के अधिकारी दावा करते आ रहे थे कि उनकी टीम दिन और रात क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही है, लेकिन पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई ने विभाग के इन दावों की पोल खोल दी है।

### शिकायत पर पुलिस ने मारा छापा

*मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि 7 अगस्त की रात में सेक्टर 19 अंतर्गत ग्राम नवगांव छतौना में रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग के पास बड़ी संख्या में जेसीबी मशीनों से मुरुम का उत्खनन कर हाईवा गाड़ियों में परिवहन किया जा रहा है। इस शिकायत पर पुलिस ने तड़के करीब 4 बजे यहां छापा मारा और 7 जेसीबी मशीन, 9 हाईवा तथा एक ट्रेक्टरट्राली को मौके पर पकड़ा। इस कार्रवाई के बाद सभी मशीन एवं गाड़ियों को जब्ती बनाकर मंदिर हसौद एवं राखी थाना परिसर में खड़ी कराई गई है। पुलिस ने इस मामले में अब जब्त मशीन एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध एफआईआर किया है।*

### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

*पुलिस ने सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध धारा 303(2), 62, बीएनएस खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) 1957 की धारा 4/21 के तहत अपराध दर्ज किया है।*

### इन वाहन-जेसीबी मालिकों के विरुद्ध अपराध दर्ज

*जेसीबी गाड़ी के नंबर एवं मालिकों के नाम इस प्रकार है। **RAJ3DXX4T0336318** कमलेश, **HAR4DXSDL01416350** रामकृष्ण धृतलहरे, **CG04-QB-611** रंजीत सारंग, **CG04-PC-4351** चिंतामणी ध्रुव, **CG04-PZ-4088** राहुल सारंग, **CG04-NW-6544** अज्ञात, **CG04-ND-4844** रूपचंद यादव। **CG04-PS-3972** संजय ध्रुव, **CG04-PS-3971** सोनीकुमार पटेल, **CG04-PZ-8588** हीरालाल यादव, **CG04-HP-7715** सत्यनारायण टंडन, **CG04-NT-3307** ईश्वरप्रसाद यादव, **CG04-PV-5513** टीकाराम पाल, **CG04-LB-8837** अज्ञात, **CG05-AL-4094** अज्ञात, **CG04-PQ-9033** टीकाराम पाल तथा ट्रेक्टर **CG06-E-68941** कृष्णा यादव शामिल है।*

# रोड में सोए स्ट्रीट डॉग को बचाते कार रेलिंग में घुसी, बाल-बाल बचा ड्राइवर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- तेलीबांधा थाना के सामने तड़के तीन बजे की घटना
- रायपुर से दुर्ग जाते हुआ हादसा

सड़क पर डेरा जमाए आवारा मवेशी तथा स्ट्रीट डॉग परेशानी का शबब बनते जा रहे हैं। इन जानवरों की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे ही एक मामले में शुक्रवार तड़के तीन बजे तेलीबांधा थाना के सामने सड़क पर कब्जा जमाए स्ट्रीट डॉग को बचाने एक कार रेलिंग में घुस गई। कार के रेलिंग में घुसने से ड्राइवर बाल-बाल बचा।

पुलिस के अनुसार दुर्ग निवासी हरिवर सिंह तेलीबांधा से होते हुए तड़के दुर्ग जाने के लिए निकला था। इस दौरान रास्ते में कई स्ट्रीट डॉग आ गए। डॉग को बचाने ड्राइवर ने स्टेयरिंग मोड़ी, तो कार तेलीबांधा से अवंतिविहार जाने के लिए बने नए मार्ग के मार्ग विभाजक रेलिंग में घुस गई। रेलिंग में कार घुसने से सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कार के रेलिंग में घुसने के बाद हरिवर ने आनन-फानन में खुद को बचाया। एक्सीडेंट में कार चालक को मामूली चोटें आई हैं। घटना तड़के तीन बजे की है, इसलिए किसी तरह की कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

# क्रोध से बचने इच्छाओं और अपेक्षाओं को कम करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में शुक्रवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने क्रोध को त्यागने की सीख दी। मुनिश्री ने कहा कि इच्छाएं ही क्रोध का कारण बनती हैं। इच्छाएं होती हैं तो अपेक्षाएं होती हैं। इच्छाएं ही दुख का कारण होती हैं। इच्छाओं को कम कर दें तो क्रोध नहीं होगा। क्रोध नहीं होगा तो हम असंयम में नहीं रहेंगे। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा ने बताया कि आज चातुर्मास का एक माह पूर्ण हुआ। चातुर्मास में तपस्या का क्रम निरंतर जारी है। शुक्रवार को आत्मशोधन तप का 14 उपवास रहा। शुक्रवार को धर्मसभा में 27 उपवास की तपस्वी सुश्री शीतल कुमट पिता अभय कुमट टाटीबंध एवं 31 उपवास की तपस्वी मोहिनी देवी बैद का सम्मान किया गया। धर्मसभा में उपस्थित सभी ने तपस्या की खूब-खूब अनुमोदना की। उपाध्याय भगवंत से तपस्वियों ने आशीर्वाद लिया। संघ ने तपस्वियों का बहुमान किया। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि क्रोध में अग्नि होती है। जैसे अग्नि दूसरे को जलाने के पूर्व पहले स्वयं को जलाती है। वैसे ही क्रोधी दूसरों पर क्रोध करने के साथ स्वयं का नुकसान करता है।अपने दोष अपनी दृष्टि में आ जाए तो दोष मिट सकते हैं। यदि दोष को दोष रूप में स्वीकार कर लेंगे तो ही यह संभव है। नकारात्मक सोच के लोग अपनी ही सोच से ही अशांत रहते हैं। क्रोध ऐसा करते हैं, जिससे शांति भंग हो जाती है। जीवन में दृढ़ संकल्प करें कि क्रोध नहीं करना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संयम ही हमारी ऊर्जा है। संयम ही हमारे जीवन का सर्वस्व होना चाहिए।

# वीआईपी सुरक्षा में लगे पीएसओ जवानों को एनएसजी की टीम ने किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- प्रशिक्षण शिविर में 197 पीएसओ तथा पुलिस के 44 वाहन चालक शामिल
- शिविर 14 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया गया

वीआईपी सुरक्षा पुलिस की महत्वपूर्ण ड्यूटी में से एक है। एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार के मार्गदर्शन में एनएसजी की टीम ने पीएसओ को प्रशिक्षित करने का काम किया है। पीएसओ को ट्रेनिंग देने हरियाणा, गुड़गांव मानेसर की एनएसजी की टीम आई थी। 197 पीएसओ को दो अलग बैच में 14 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग के 44 वाहन चालकों को 28 जुलाई से 8 अगस्त तक एनएसजी की टीम ने प्रशिक्षण दिया।

जवानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना में आयोजित किया गया। इसमें आपातकालीन परिस्थिति में वाहन चालकों एवं पीएसओ द्वारा क्या किया जाना है, विस्तार पूर्वक उन्हें डेमो के माध्यम से समझाया गया। एडीजी ने डेमो ड्रील का मुआयना किया। विदित हो कि वर्ष 2023 से लगातार एनएसजी का प्रशिक्षण दस्ता रायपुर आकर छत्तीसगढ़ पुलिस के वाहन चालकों एवं वीआईपी सुरक्षा में कार्यरत कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कार्य रहा है। एनएसजी ग्रुप कमांडर अशोक कुमार पी. ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस जवानों की सराहना की तथा पुलिस जवान के धैर्य तथा समर्पण की भावना से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही।

प्रशिक्षणार्थियों की संख्या आदि के बारे में बताया तथा पुलिस में प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया। एडीजी अमित कुमार ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए एनएसजी दल को श्रेष्ठ प्रशिक्षण दल बताया।

# ऑपरेशन मुस्कान से लौटी 814 परिवारों की 'मुस्कान'

- राज्यव्यापी ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने 814 गुम बच्चों को रिकवर कर परिजनों को सौंपे
- 113 लड़कों के साथ 701 बच्चों को पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से पतासाजी कर वापस लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य पुलिस ने एक जुलाई से 31 जुलाई तक ऑपरेशन मुस्कान के तहत 814 गुम बच्चों को अलग-अलग राज्यों से रिकवर कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस ने जिन बच्चों को रेस्क्यू किया है, उनमें 113 लड़के तथा 701 लड़कियां शामिल है। पुलिस ने उक्त अभियान राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम के दिशा निर्देशन में किया है।

अभियान के दौरान जिलों में गठित विशेष पुलिस टीमों ने बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, धार्मिक स्थलों और अन्य संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की. इनमें से 122 बच्चे अन्य राज्यों से बरामद किए गए, जिनमें उत्तरप्रदेश से 9, बिहार 6, मध्यप्रदेश 24, आंध्रप्रदेश 4, तेलंगाना 12, ओडिशा 8, दिल्ली 3, महाराष्ट्र 31 सहित कई अन्य राज्य शामिल है। सबसे अधिक बच्चों की बरामदगी में दुर्ग पुलिस ने की है। दुर्ग पुलिस ने 181 बच्चों को रेस्क्यू किया है। इसी तरह बिलासपुर 151 तथा जांजगीर-चांपा 60 बच्चों का रेस्क्यू कर शीर्ष पर रहे।





### पुलिस को भाई मानकर राखी बांधने पहुंची युवती

*गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 से गायब कई किशोरी जो अब बालिग हो चुकी है। वापस घर आने के बाद वो इतना भावुक हो गई की वह अपनी पीड़ा भूल पुलिस को रक्षा करने वाला भाई मानकर थाना पहुंचकर पुलिस को धन्यवाद दी। साथ ही पुलिसकर्मियों को भाई मानते हुए उनके कलई में राखी बांध बहनों की सुरक्षा करने वचन ली।*

### ज्यादातर मामले झांसा देकर ले जाने का

पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिन बच्चों को रेस्क्यू किया है। उनमें से ज्यादातर बालिग हो चुके हैं। बच्चों के ज्यादतर मामले बहला फुसलाकर काम दिलाने का झांसा देकर ले जाने का है। इनमें से कई बच्चे ऐसे हैं जो अपने मांता-पिता और परिजनों से नाराज होकर घर छोड़कर चले गए थे। पुलिस ने ऐसे बच्चों को उनके भविष्य का हवाला देने के साथ ही उनके नहीं रहने पर परिजनों की स्थिति के बारे में जानकारी देकर साथ लेकर आए।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

NMH
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटी स्पोर्ट्स

## राज्य स्तरीय जेवलिन थ्रो में 23 जिलों के 190 खिलाड़ियों ने दी भागीदारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के द्वारा चौथी राज्य स्तरीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई एथलेटिक स्टेडियम बिलासपुर में किया गया। यह प्रतियोगिता नीरज चोपड़ा के टोक्यो ओलंपिक 2021 में गोल्ड मेडल पाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। आज इस प्रतियोगिता के उद्घाटन के मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील मिश्रा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ विशेष अतिथि के रूप में मेलकम हेल रहे। श्री शुक्ला ने आज खिलाड़ियों को कहा कि बहतराई परिसर में 25 करोड़ का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स खेल के प्रगति के लिए हर संभव प्रयास उनके द्वारा किया जाएगा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि आरके पिल्ले पूर्व महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष के श्रीनू पूर्व कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ थे। विशेष अतिथि अमरनाथ सिंह, पीजी जय किशन, रवि देशमुख, टी रमेश बाबू और रामदेव बोले रहे। इस आयोजन में मुख्य भूमिका में जसविंदर सिंह भाटिया द्रोणाचार्या अवॉर्डा, आर के पिल्लई पूर्व सचिव छत्तीसगढ एथलेटिक्स संघ, सुशील मिश्रा उपाध्यक्ष, अमरनाथ सिंह महासचिव, के श्रीनिवास, रविंद्र देशमुख, पीजी जय कृष्णन, उत्तर चेलकर, रामदेव बोले, रमेश बाबू, मनीष सिंह, मेलकॉम, नैतिक, अमित, अंकित, टी रमेश, मोहन थापा, मंतोष साहू, स्नेह कुमार यादव, दीपक साहू, आदित्य, श्रीनिवास आदि रहे। प्रतियोगिता में 23 जिलों के 190 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 40 महिला खिलाड़ी एवं 150 छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरुष खिलाड़ी शामिल थे। यह प्रतियोगिता बालक बालिका के 6 वर्गों अंडर 14,16,18,20,23, और सीनियर वर्ग में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रोहन पटेल, द्वितीय ओंकार और तीसरे स्थान पर लकी कुमार भी बिलासपुर से रहे। अंडर 14 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रवीना, द्वितीय दंतेश्वरी और तृतीय स्थान पर चंद्ररेखा बिलासपुर रही। अंडर 16 बालक वर्ग में नामिषकांत बिलासपुर, द्वितीय राजेंद्र एमसीबी, तृतीय जय कुमार कोरबा रहे। अंडर 16 बालिका वर्ग में रानय गोटा बिलासपुर, द्वितीय स्थान पर चेष्टा राजनंदगांव, तृतीय स्थान पर अर्पिता बिलासपुर रही। अंडर 18 बालक वर्ग में अभय कुमार प्रथम, देवलाल दूसरे एवं ललित तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 18 बालिका वर्ग में तानिया बिलासपुर प्रथम स्थान अंजलि साहू कोरबा द्वितीय स्थान एवं हिमानी बिलासपुर तीसरे स्थान पर रही। अंडर 20 बालक वर्ग में बुद्ध प्रकाश गरियाबंद से प्रथम अरविंद कुमार सुकमा से दूसरे स्थान एवं मोहित कुमार एमसीबी रहे। अंडर 20 बालिका वर्ग में माया प्रथम, कविता दूसरे स्थान पर एवं हर्षा साहू बिलासपुर से तीसरे स्थान पर रही। अंडर 23 पुरुष वर्ग में सुभाष दुर्ग प्रथम, विशाल बिलासपुर से दूसरे स्थान पर एवं कमल बिलासपुर से तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 23 महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर दामिनी दुर्ग से रही लिटेश मुंगेली से दूसरे स्थान पर एवं ज्योति बिलासपुर से तीसरे स्थान पर रही। सीनियर पुरुष वर्ग में तुम्मान दुर्ग से प्रथम, वारिस अख्तर बिलासपुर से द्वितीय एवं गिरधारी शक्ति जिले से तीसरे स्थान पर रहे। महिला सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर ज्योति नारायणपुर से प्रथम स्थान पर, संगीता बिलासपुर से दूसरे स्थान एवं सविता जांजगीर चांपा से तीसरे स्थान पर रहे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दिया।

## ट्रॉफी के लिए सेंट्रल ज़ोन टीम में चयनित हुए आयुष और संचित

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा दिलीप ट्रॉफी के लिए सेंट्रल ज़ोन टीम की घोषणा कल की गई। जिसमे छत्तीसगढ़ से बाए हाथ के ओपनिंग बल्लेबाज़ आयुष पांडेय एवं मध्य क्रम के बल्लेबाज़ संचित देसाई का चयन उनके घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम के साथ खेलते हुए लगातार कंसिस्टेंट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। टीम के कप्तान ध्रुव जुरेल व उप कप्तान रजत पाटीदार होंगे। राज्य क्रिकेट संघ ने दोनों खिलाड़ियों के चयन पर बधाई दी है।।

## जिला स्तरीय कुडो मार्शल आर्ट टूर्नामेंट में शामिल हुए 350 से ज्यादा खिलाड़ी



**भिलाई।** चौथी जिला स्तरीय कुडो टूर्नामेंट में जिले के धमधा पाटन और दुर्ग के लगभग 350 से ज्यादा खिलाड़ी। कोच मैनेजर ने हिस्सा लिया। जिसमें शहर के खिलाड़ियों ने ओवर आल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। द्वितीय स्थान पर धमधा ब्लॉक और तृतीय स्थान पर पाटन ब्लॉक रहा। आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के लिए टीम चयन किया गया है।

# बप्पा की बाल कृष्ण, शिव रूप की मिट्टी से बनी छोटी प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को कर रहीं आकर्षित

## बाजार में मिट्टी की बनी इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की बड़ी डिमांड

**रायपुर।** गणेश चतुर्थी को लेकर झांकियों व आदमकद प्रतिमाओं से पहले बप्पा की छोटी प्रतिमाएं बाजार में पहुंच गई हैं। शहर के सदर बाजार में गणपति की प्रतिमाओं की दुकानें सज गई हैं। श्रद्धालु गणेश उत्सव पर अपने घरों, दुकान, दफ्तरों में श्रद्धाभाव व भक्ति की अलख जगाने बड़ी संख्या में गणपति की प्रतिमाएं खरीद रहे हैं। बाजार में मिट्टी की बनी इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की बड़ी डिमांड है। सदर बाजार में गणेश प्रतिमाएं बेच रहे मूर्तिकार विजय चक्रधारी ने बताया कि वह मिट्टी से बनी गणेश की प्रतिमाएं अलग-अलग साइज व थीम पर तैयार कर बेच रहे हैं। गणेश प्रतिमाओं में 1 से लेकर 2 व 3 फीट तक की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। इनकी कीमत पिछले साल की अपेक्षा थोड़ी ज्यादा है। बाजार में पूरी तरह पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मिट्टी की गणेश की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को उपलब्ध करा रहे हैं। 26 अगस्त को चतुर्थी से गणेश उत्सव शुरू हो रहा है। ऐसे में बाजार में गणेश प्रतिमाओं व उनकी सजा - सजावट की दुकानें राजधानी में सज चुकी हैं। वहीं, गणेश उत्सव की तैयारी 20 दिन पूर्व से ही श्रद्धालुओं ने शुरू कर दी है। चूंकि, घरों में विराजित करने वाली छोटी आकार की मिट्टी की गणेश मूर्ति की अधिक डिमांड होती है। गणेश चतुर्थी के नजदीक आते ही मूर्तियों की कमी हो जाती है। ऐसे में बप्पा की मूर्ति को अपने घर लाने से चुक न जाए, इसलिए पहले से ही श्रद्धालु गणेश की प्रतिमाएं अपने घरों के लिए बाजार से खरीदी कर रहे हैं।

### 200 से 3 हजार रुपए तक मूर्तियों की कीमत



बाजार में हर तरह की गणेश प्रतिमाएं मौजूद हैं, जिसमें चूहे के साथ ही सिंहासन और गरुड़ पर गणेश जी बैठे नजर आ रहे हैं। गणेश प्रतिमाएं बेचने वाले सर्वेश प्रजापति बताते हैं कि, इस बार बाजार में जो गणेश प्रतिमा आई हैं, इनकी कीमत 200 से लेकर 3000 रुपए तक हैं। अधिकतर श्रद्धालु गणेश की छोटी प्रतिमा खरीद रहे हैं। इसमें श्रद्धालुओं को मूषक, गरूड़, शेषनाग की सवारी किए गणपति की बाल कृष्ण, शिव रूप की छोटी प्रतिमाएं आकर्षित कर रही हैं।

### मिट्टी के गणपति घर में लेकर आना होता है शुभ

*गणेश चतुर्थी पर पंडित का कहना है कि शास्त्रों के अनुसार मिट्टी से बनी गणेश मूर्ति का पूजन शुभ माना गया है। क्योंकि, गणेश प्रतिमा को 10 दिन के बाद विसर्जित किया जाता है। इसलिए, मिट्टी से बनी हुई प्रतिमा ही घर में लेकर आना चाहिए। गणेशजी की प्रतिमा गणेश चतुर्थी पर घर में विराजित करने से सुख, शांति, समृद्धि व मंगलकामनाएं सिद्ध होते हैं। गणेश प्रतिमा खरीदने पहुंचे शहर के अजय खंडेलवाल ने बताया कि वह मिट्टी से बनी छोटी गणेश की प्रतिमाएं गणेश उत्सव के लिए खरीदी कर रहे हैं।*

# कथक गुरु ने नृत्य विधा बेहतर बनाने सिखाए गुर



**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित कमला देवी संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या आरती सिंह के निर्देशन में पांच दिवसीय कथक नृत्य की विधा को किस तरह से बेहतर बनाया जाए, इसकी बारीकियां सिखाने कार्यशाला का आयोजन किया गया। देश की प्रसिद्ध कथक नृत्य गुरु मालती श्याम दिल्ली से इस कार्यशाला में वक्तव्य देने आई हैं। मालती श्याम दूरदर्शन की ग्रेड ए आर्टिस्ट, आईसीसीआर की प्रतिष्ठित नृत्यांगना होने के साथ कथक केंद्र दिल्ली की शिक्षिका भी हैं। उन्होंने कथक की बारीकियों के साथ ठुमरी और भजनों पर प्रस्तुति के गुर सिखाए। वे पं. बिरजू महाराज की शिष्या रही हैं। प्रदेशभर से आईं सौ से ज्यादा कथक नृत्यांगनाओं ने कथक गुरु से कई तरह के सवाल पूछकर मार्गदर्शन लिया।

### सभी प्रतिभागियों को दिए सर्टिफिकेट

*मालती श्याम कथक की विधा से ताल्लुक रखने के साथ ही लखनऊ घराने का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस कार्यशाला में रायपुर सहित प्रदेशभर के प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यशाला के को-ऑर्डिनेटर चिरंजीवी हलधर, नरेंद्र जलछत्री ने बताया कि आज उनके विदाई समारोह में प्राचार्या आरती सिंह, विद्यानाथ सिंह, अरुण सोनी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रतीक चिन्ह देकर कथक नृत्यांगना एवं गुरु का सम्मान तथा विदाई दी गई। सभी प्रतिभागियों ने कथक गुरु को नम आंखों से विदा किया। कार्यशाला में मालती श्याम की सहयोगी के रूप में उनकी शिष्या प्रज्ञा गोस्वामी उपस्थित रहीं। सभी प्रतिभागियों को वर्कशॉप का सर्टिफिकेट मालती श्याम ने प्रदान किया।*

# डिजिटल युग में किताब को बनाएं दिमाग का दोस्त हर दिन 4 पेज पढ़ने से बढ़ेगी याददाश्त, सुधरेगी नींद



राष्ट्रीय पुस्तक प्रेमी दिवस आज, किताबें व्यक्ति को इमोशन से जोड़ने में बन रहीं मददगार

**रायपुर।** किताबें सिर्फ पन्नों का ढेर नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के इमोशन, ज्ञान और कल्पनाओं की दुनिया है। किताबें पढ़ना न केवल ज्ञान बढ़ाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य को भी गहराई से प्रभावित करता है। 'विश्व किताब प्रेमी दिवस' के खास मौके पर हरिभूमि ने मनोवैज्ञानिकों से बातचीत की, जिन्होंने बताया कि नियमित रूप से किताबें पढ़ने से तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। किताब प्रेमियों के अनुसार, किताबें व्यक्ति के भीतर छिपी भावनाएं हैं। किताब पढ़ने के दौरान जब कहानी के किरदार के दुख, संघर्ष या प्रेम को पढ़ते हैं, तब व्यक्ति भावनात्मक रूप से जुड़ने लगता है। ऐसे में किताबें हमें न केवल खुद को समझने का मौका देतीं हैं, बल्कि दूसरों की भावनाओं के प्रति सहानुभूति भी दिलाती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए किताबें फायदेमंद

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सुरभि दुबे ने कि किताबें केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और भावनात्मक जुड़ाव का भी साधन हैं। जब व्यक्ति किताबें पढ़ता है, तब वह खुद को कहानी के पात्रों और उनके इमोशंस से गहराई से जोड़ पाता है। यह जुड़ाव व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है और तनाव कम करने में मदद करता है। इस डिजिटल युग में भी किताबें मन को स्थिर करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में एक प्रभावशाली माध्यम साबित हो रहा है।

### किताब पढ़ने से आती है गहरी और सुकून भरी नींद

मनोवैज्ञानिक डॉ. डोगेंद्र परिहार ने बताया कि डिजिटल युग में लोग मोबाइल पर किताबें पढ़ने की कोशिश जरूर करते हैं, लेकिन बार-बार आने वाले नोटिफिकेशंस के कारण उनका ध्यान भटकता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में बाधा आती है। इसके विपरीत जब व्यक्ति किताबें पढ़ता है तो उसकी मनोस्थिति स्थिर रहती है। वैज्ञानिक शोध के अनुसार, किताब पढ़ने वाले व्यक्तियों की मेमोरी अन्य लोगों की तुलना में अधिक तेज होती है। वहीं रात के समय किताब पढ़ने से व्यक्ति को गहरी और सुकून भरी नींद आती है, जिससे दिनभर की थकान उतरती है और व्यक्ति मानसिक रूप से तरोताजा महसूस करता है।

# चित्रकारी की बेहतरी के लिए विशेषज्ञ ने दी जरूरी सलाह नए कलाकारों को कार्याशाला में दी महत्वपूर्ण जानकारी



**रायपुर।** चित्रकारी की बेहतरी के लिए उभरते हुए कलाकारों को कई जरूरी बिंदुओं पर फोकस करना होगा। अरुसिक आर्ट एंड म्यूजिक एकेडमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के अंतिम दिन में 15 प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। इस वर्कशॉप में नए कलाकारों को अवसर देने के साथ ही उनकी कला निखारने के लिए विशेषज्ञों ने कई जरूरी सलाह भी दी। कार्यशाला में आमंत्रित कलाकार राहुल दत्ता ने प्रतिभागियों को चित्रकला की बेहतरी के लिए तकनीक कितनी कारगर होती है, इस बारे में बताया। उन्होंने वाटर कलर पेंटिंग के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, यह बताया। अंतिम सत्र बताया कि चित्रकारी के लिए महत्वपूर्ण पहलू कौन-कौन से होते हैं। जैसे दृष्टिकोण, संयोजन, प्राकृतिक दृश्य, रंगों का सही प्रयोग, तकनीक की प्रक्रिया को भी समझाया।

### प्रतिभागियों ने देखा चित्रकारी का लाइव डेमो

*प्रतिभागियों ने इन सभी तकनीक को लाइव डेमो के माध्यम से देखा। अपनी कलाकृतियों में उसका प्रयोग भी किया। फ्रेंडशिप डे पर एकेडमी में ग्लास पेंटिंग कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें 7 प्रतिभागियों ने भाग लिया और कांच पर रंगों के माध्यम से अपनी कल्पना को साकार रूप दिया। किसी ने रंगबिरंगे फूल, मोरपंख आदि कलाकृति से ग्लास को सजाया। प्रतिभागियों के कल्पना को रंगों से साकार करने पर प्लेन ग्लास खूबसूरत व आकर्षक दिखने लगा। वर्कशॉप का समापन एकेडमी के संस्थापक पंकज यादव और सह-संस्थापक रमणी यादव की उपस्थिति में किया गया।*

# बच्चों को अपने जीवन से जुड़े किस्से सुनाएं, दे पाएंगे बेहतर परवरिश



अतीत की कहानियां भविष्य संवार सकती हैं। आपके पास संघर्ष की कहानियां हैं। जीवन के अनुभव हैं। असफलता के किस्से हैं और सफलता की खुशियां भी। आप अपने घर में बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपनी कहानियां उन्हें सुनाती हैं क्या? सुनाएं, उन्हें नई दिशा मिलेगी।

पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अक्सर अपने संबोधन में माता-पिता के जीवन अनुभवों का जिक्र करते थे। वे बताते थे कि जब भी उन्हें कोई कार्य असंभव-सा प्रतीत होता, तो माता-पिता और परिवार द्वारा सुनाए गए किस्सों, कहानियों और उनके अनुभवों को याद करते। इससे उनको अपने हर काम को संभव बनाने के लिए प्रेरणा मिलती थी। परिवार के अभावों-परिस्थितियों और अभिभावकों के जीवन की कहानियों ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में सबसे ज्यादा मदद की।

इसी महीने की शुरुआत में ग्लोबल पैरेंट्स डे मनाया गया। हमारे देश में हमेशा से बच्चों के व्यक्तित्व विकास में परिवार की अहम भूमिका रही है और मानी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देने और माता-पिता की बच्चों के प्रति प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए वर्ष 2012 से ग्लोबल पेरेंट्स डे मनाने की शुरुआत की। वास्तव में माता-पिता के जीवन और उनके अनुभव बच्चों के व्यक्तित्व को सही आकार देने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। यही वजह है कि इन दिनों पेरेंट्स को अपने बच्चों के साथ समय बिताने और जो कुछ उन्होंने अपने जीवन में अनुभव किया है, उसे कहानियों के रूप में सुनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### भावनात्मक जुड़ाव

अमेरिका के नेवादा विश्वविद्यालय में पैरेंट्स और बच्चों की बॉन्डिंग पर अध्ययन किया गया। इसमें अपने जीवन से जुड़ी कहानियां सुनाने वाले और जीवन अनुभव नहीं बताने वाले लोगों को शामिल किया गया। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, जिन माता-पिता ने बच्चों को अपने जीवन के अनुभव बताए, उनके बच्चों ने ज्यादा अच्छे तरीके से सामने आई कठिन परिस्थितियों का सामना किया।

वास्तव में पारिवारिक जीवन की कहानियां या परिवार की परिस्थितियों के बारे में बच्चों को सुनाई गईं कहानियां उन्हें सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। पारिवारिक कहानियां बच्चों को यह समझाने में मदद करती हैं कि असल में वे कौन हैं। किन हालात में उनके माता-पिता आज यहां तक पहुंचे हैं, साथ ही किस परिवार और विचारधारा से उनका नाता रहा है।









# सीटी स्कैन कराने मरीजों को तारीख देने का सिस्टम खत्म, ओपीडी में रोजाना 40 से ज्यादा मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में सीटी स्कैन कराने मरीजों को तारीख देने का सिस्टम खत्म हो गया है। इमरजेंसी के अलावा रोजाना ओपीडी में आने वाले 40 से ज्यादा मरीजों की जांच करने का लक्ष्य बनाया गया है। इस नयी व्यवस्था से यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इंतजार की समस्या से राहत मिलने लगी है। इसी तरह दोपहर तक एमआरआई की पुरानी व्यवस्था में बदलाव कर देर रात तक मरीजों की जांच की जा रही है।

■ नयी व्यवस्था से आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को शुरुआती जांच में मिली राहत

आंबेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में एमआरआई और सीटी स्कैन की नयी मशीन लाने की योजना प्रस्तावित है। पुरानी मशीन के अचानक बिगड़ जाने पर दिक्कत होती है, अन्यथा बनाई गई नयी व्यवस्था के बाद मरीजों को जांच के लिए वेटिंग की समस्या से अब नहीं जूझना पड़ता। पूर्व में मरीजों को अपनी बारी आने के लिए पंद्रह दिनों तक इंतजार करना पड़ता था, मगर दूसरी तरह की रिपोर्ट ओके होने पर उसी दिन जांच की सुविधा मिलने लगी है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को छोड़कर ओपीडी के पेशेंट के लिए प्रतिदिन 40 से ज्यादा सीटी स्कैन करने का लक्ष्य बनाया गया है। इसके अलावा विभागीय टीम वार्डों में जाकर सीटी स्कैन या एमआरआई के जरूरतमंद मरीजों के बारे में पूछकर उन्हें जांच के लिए बुला रही है।

नयी व्यवस्था के तहत दोनों तरह की जांच के लिए वेटिंग देने का सिस्टम खत्म किया गया है और संख्या बहुत ज्यादा होने पर उन्हें डीके अस्पताल जाकर जांच कराने की सलाह दी जाती है। आमतौर पर सीटी स्कैन की तुलना में यहां एमआरआई के मरीज कम होते हैं, इसलिए देर रात तक जांच कर जरूरतमंदों को उसी दिन राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।

### उसी दिन जांच

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार मरीजों को उसी दिन जांच की सुविधा देने वेटिंग का सिस्टम खत्म किया गया है। सीटी स्कैन, एमआरआई की जांच की अवधि भी बढ़ाई गई है। मरीजों को इसके लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा।

- **डॉ. एसबीएस नेताम,** विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस




### डीके अस्पताल में नो वेटिंग

डीके अस्पताल में रेडियोडायग्नोसिस विभाग का संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। यहां ओपीडी में आने वाले मरीजों को जांच के लिए शुल्क देना पड़ता है और आईपीडी के मरीजों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलता है। दूसरे अस्पतालों की तुलना में कम मरीज होने की वजह से यहां वेटिंग का सिस्टम नहीं है। अस्पताल के अलावा दूसरे संस्थानों से आने वाले मरीजों की भी यहां जांच आसानी से होती है। जिला अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन भी मरीजों को बड़ी राहत दे रही है।

### एम्स की समस्या बरकरार

एम्स में मरीजों की जांच के लिए लंबी प्रतीक्षा के सिस्टम में अब तक सुधार नहीं हुआ है। यहां सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी जांच के लिए मरीजों को दो से तीन महीने की वेटिंग दी जाती है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का तर्क है कि संसाधनों की तुलना में बहुत ज्यादा पेशेंट होने की वजह से मरीजों को तारीख देना मजबूरी है। इसकी वजह से मरीज अपनी बीमारी की पहचान कर आगे के इलाज के लिए दूसरे अस्पताल अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच करवाना उनकी मजबूरी है। एम्स में रेडियोडायग्नोसिस के अलावा पैथोलॉजी संबंधी सामान्य टेस्ट के लिए भी सप्ताहभर तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

## बिजनेस साइट

### रक्षाबंधन पर न्यू देहली स्वीट्स की खास पेशकश : गिफ्ट हैंपर और मिठास की सौगात

रायपुर। रक्षाबंधन एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर की लोकप्रिय मिठाई एवं स्नैक्स श्रृंखला न्यू देहली स्वीट्स ने अपने ग्राहकों के लिए राखी स्पेशल हैंपर, आकर्षक गिफ्ट पैक और स्वादिष्ट रेंज की सौगात पेश की है। शंकर नगर स्थित मुख्य ब्रांच समेत सभी आउटलेट्स पर शुद्ध मिठाइयों, नमकीनों, चाट, स्नैक्स, बेकरी उत्पादों और ड्राई फ्रूट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। स्वाद और गुणवत्ता में उत्कृष्टता के साथ न्यू देहली स्वीट्स ने पिछले 15 वर्षों में ग्राहकों के बीच विश्वास और लोकप्रियता अर्जित की है। राजधानी रायपुर में शंकर नगर, देवेंद्र नगर, समता कॉलोनी, और शैलेंद्र नगर में सक्रिय शाखाओं के बाद अब विधानसभा रोड पर भी नई ब्रांच खुलने जा रही है। न्यू देहली स्वीट्स के रेस्टोरेंट सेक्शन में साउथ इंडियन, नॉर्थ इंडियन और चाइनीज़ व्यंजनों का भी आनंद लिया जा सकता है। हाल ही में समता कॉलोनी स्थित ब्रांच को रिनोवेट कर एक नए लुक में पेश किया गया है, जिसे ग्राहकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

### स्काई ऑटोमोबाइल्स की ओर से मारुति सुजुकी गाड़ियों पर 'फ्रीडम ऑफर्स'




रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर स्काई ऑटोमोबाइल्स ने अपने ग्राहकों के लिए गाड़ियों पर आकर्षक 'फ्रीडम ऑफर्स' की घोषणा की है। यह सीमित अवधि वाला ऑफर 16 अगस्त तक उपलब्ध रहेगा, जिसमें नई कार खरीदने पर ग्राहकों को भारी छूट और अन्य फायदे दिए जा रहे हैं। यह खास ऑफर मारुति सुजुकी की एरीना और नेक्सा दोनों रेंज पर लागू है। एरीना सेगमेंट की गाड़ियों पर 1,22,500 रु तक के लाभ दिए जा रहे हैं, जिनमें स्विफ्ट, ब्रेज़ा, और अर्टिगा जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। वहीं, नेक्सा शोरूम की प्रीमियम गाड़ियों जैसे बलेनो, सियाज़ और एक्सएल6 पर ग्राहकों को 2,85,000 रु तक के बेनिफिट्स शामिल हैं। स्काई ऑटोमोबाइल्स के संचालक अनिल अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि इस खास समय पर लोग अपनी मनचाही कार खरीदने की स्वतंत्रता का आनंद लें। 'फ्रीडम ऑफर्स' के जरिए हम हर वर्ग के ग्राहक तक किफायती दामों पर गाड़ियां पहुंचाना चाहते हैं।

### आंजनेय विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का समापन, छात्रों को मिले सफलता के मंत्र



रायपुर। आंजनेय विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय दीक्षारंभ बौद्धिक कार्यक्रम का समापन गरिमामय वातावरण में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा ने छात्रों को सफलता के लिए चुनौतियों को अवसर में बदलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, हारने वाले कारण बताते हैं, जीतने वाले जीत का मंत्र खोजते हैं। वहीं, चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय को केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का केंद्र बताया। कार्यक्रम में डॉ. जगदीश चंद्रा एस. ने सेमिकंडक्टर इंडस्ट्री की वैश्विक भूमिका पर जानकारी साझा की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कार्यशालाएं और कैरियर सत्रों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन सत्र में डॉ. बीसी जैन, डॉ. टी. रामाराव, डॉ. रुपाली चौधरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। फोटो - सिटी में अनुज



### चलाया गया सघन वृक्षारोपण अभियान

रायपुर। प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर अग्रोहा रहवासी विकास समिती परिवार के सदस्यों द्वारा अपने परिवार के स्वर्गारोहण कर चुके सदस्यों के नाम पर सोसाइटी क्षेत्र में निर्मित कुर्री तालाब पर सघन वृक्षारोपण किया गया। एक बरगद का वृक्ष भगवान शिव स्फटिकेश्वर महादेव के नाम पर भी लगाया गया। साथ ही पेड़ों पर ट्री गार्ड लगा कांक्रीट से उसे मजबूत बनाया गया। प्रत्येक वृक्ष शिव शिवा मन्दिर के आचार्य सुजीत गोस्वामी द्वारा विधिवत पूजन कर लगवाया गया। सभी कार्यों को संपन्न करने में अग्रोहा रहवासी विकास समिति, परिवार के अतिरिक्त पार्षद महेंद्र औसर, अभिषेक सिंह, शारदा गोस्वामी एवं वन विभाग का सहयोग रहा। इस दौरान अग्रोहा रहवासी विकास समिति के प्रेम सिंघानिया, केके खेलवार, राजा दीवान, रमन सोमावार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जनता की शिकायत दूर करने में निगम फिसड्डी, 4 महीने में 40 हजार कॉल, रिस्पांस टाइम में 35 फीसदी को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की जनता की समस्या का त्वरित निवारण करने के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। निदान 1100 में पिछले चार माह में 40 हजार लोगों ने कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई, इसमें से केवल 35 फीसदी जनता को रिस्पांस टाइम में राहत मिली, 65 फीसदी ऐसे रहे जिनकी बारी रिस्पांस टाइम समाप्त होने के बाद आई। इनमें से कुछ ऐसे भी रहे जिनकी शिकायतें लंबित रह गयीं।

■ 14,272 शिकायतें निर्धारित समय में निराकृत, 25 हजार को रिस्पांस टाइम के बाद राहत

दरअसल, नगरीय प्रशासन विभाग ने राजधानीवासियों की जनसमस्या का त्वरित निराकरण कराने निदान 1100 की व्यवस्था दी है। इसमें कोई भी व्यक्ति घर बैठे निःशुल्क कॉल कर इसका समाधान पा सकता है। इसके लिए अलग-अलग रिस्पांस टाइम तय है, पर जनता से जुड़ी छोटी-छोटी समस्या को सुलझाने में लंबा समय लग रहा है। जैसे सड़क पर आवारा मवेशी पकड़ने की शिकायत करने पर संबंधित जोन के माध्यम से 1 दिन के अंदर मवेशी पकड़ने का नियम है, इसमें भी सप्ताहभर का समय लिया जा रहा है। इसी तरह नाला-नाली जाम होने पर शिकायत मिलने पर 1 दिन का रिस्पांस टाइम तय है, इसमें भी 4 से 5 दिन का समय लग रहा है।

### 65 फीसदी के हिस्से में इंतजार




डोर टू डोर कचरा कलेक्शन : समय पर गाड़ी नहीं आने, सार्वजनिक स्थानों से कूड़ा करकट उठाने, सड़क सफाई को लेकर

| | |
|---|---|
| रिस्पांस टाइम - | 1 दिन तय |
| प्राप्त शिकायतों की संख्या - | 2,642 |
| समय सीमा में शिकायत निराकृत | 2,300 |
| समय सीमा समाप्त होने के बाद कचरा उठाया | 326 |

स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायत -

| | |
|---|---|
| रिस्पांस टाइम | 1 दिन |
| प्राप्त शिकायतों की संख्या - | 1432 |
| रिस्पांस टाइम में निराकृत | 516 |
| समय सीमा के बाद निराकृत | 806 |

### एक नजर निदान 1100 में शिकायतों की स्थिति और रिस्पांस टाइम पर

अवधि - 1 मार्च 2025 से 31 जुलाई 2025 तक

| | |
|---|---|
| 4 महीने में कुल प्राप्त शिकायतों की संख्या : | 40 हजार |
| तय समयसीमा में निराकरण - | 14, 272 |
| समय सीमा खत्म होने के बाद निराकरण | 25, 562 |
| पेंडिंग | 266 |

### सबसे ज्यादा शिकायत

| | |
|---|---|
| नाला-नाली सफाई संख्या - | 18,320 |
| रिस्पांस टाइम 2 दिन तय | |
| समय पर निराकृत | 4,027 |
| समय अवधि पूरा होने के बाद निराकृत | 14,201 |
| समस्या समाधान का प्रतिशत | 21 फीसदी |
| कचरा निष्पादन - | |
| प्राप्त शिकायतें - | 6,821 |
| समय पर निराकरण | 1501 |
| समय सीमा समाप्त होने के बाद निराकरण | 5,234 |
| समाधान का प्रतिशत - | 32 फीसदी |
| जल आपूर्ति संबंधी शिकायत : | 3,863 |
| समय सीमा में समाधान | 1516 |
| समय सीमा समाप्त होने के बाद निराकरण | 2132 |
| लंबित शिकायतें | 28 |

### रक्षाबंधन पर अनंतरा मार्ट में आकर्षक ऑफर्स की भरमार




रायपुर। रक्षाबंधन और त्योहारी सीजन पर सुपरमार्केट चेन अनंतरा मार्ट में 'राखी स्पेशल' के तहत अनंतरा मार्ट में मिठाइयों, नमकीन, बिस्किट और कुकीज़ पर विशेष छूट मिल रहा है। साथ ही त्योहारों के रौनक के बीच ग्राहक अनंतरा मार्ट की 'दुबई महा धमाका ऑफर' का फायदा उठा सकते है। इस स्कीम के तहत ग्राहक केवल 1799 रु की खरीदारी पर एक कूपन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे दुबई की तीन रातों की यात्रा जीतने का मौका मिलता है। इसके साथ ही कूपन संख्याओं के आधार पर ग्राहकों को कई आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा एक्सक्लूसिव ऑफर के तहत 1999 रु की खरीदी पर एक वाटर बॉटल फ्री और 4999 रु की खरीदी पर एक टिफिन बॉक्स फ्री मिलेगा। ये सभी ऑफर अनंतरा मार्ट के सभी आउटलेट्स में उपलब्ध है। इन आउटलेट्स पर एक ही छत के नीचे ग्रॉसरी, फूड्स, डेली नीड्स आइटम्स, केयर प्रोडक्ट्स, डेकोर, फर्निशिंग और स्टेशनरी आइटम्स सहित अनेक उत्पाद उपलब्ध हैं।

### कोलंबिया कॉलेज में 'फ्रॉम सॉइल टू सोल' कोर्स का सफल समापन




रायपुर। कोलंबिया कॉलेज में बी.एड. और डी.एल.एड. के छात्राध्यापकों के लिए 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स 'फ्रॉम सॉइल टू सोल: गार्डनिंग फॉर वेल-बीइंग एंड लर्निंग' का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कोर्स बागवानी को एक शैक्षिक और जीवनमूल्य आधारित माध्यम के रूप में प्रस्तुत करता है। समापन समारोह में जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस कोर्स को समयानुकूल और जीवनोपयोगी बताते हुए धैर्य, देखभाल और सहनशीलता जैसे मूल्यों को आवश्यक बताया। कोर्स के अंतर्गत छात्राध्यापकों ने बीज से पौधे तक की यात्रा, वर्मी कम्पोस्टिंग, ईको-फ्रेंडली पेस्ट कंट्रोल और गार्डनिंग के करियर विकल्पों पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

# एग्रीकल्चर के स्टूडेंट्स ने जाना अत्याधुनिक खेती में ड्रोन का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कृषि में ड्रोन के उपयोग विषय पर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि महाविद्यालय में 31 जुलाई से 6 अगस्त तक सात दिनों तक चले इस कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल, अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन परियोजना एवं न्यू स्काई-कलश वेंचर्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एग्रीकल्चर के स्टूडेंट्स स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

■ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में ड्रोन तकनीक पर सात दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

कार्यक्रम के समापन में डॉ. गिरीश चंदेल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। डॉ. चंदेल ने आधुनिक कृषि में ड्रोन के प्रभावी उपयोग और इसके माध्यम से फसलों की निगरानी पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक भी लिया। डॉ. चंदेल ने कहा कि अब ये सारे प्रतिभागी हमारे अन्य विद्यार्थियों को भी इस क्षेत्र में व्यवसाय की संभावनाएं तलाशने हेतु जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. आरती गुहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायपुर, डॉ. विनय पांडेय अधिष्ठाता कृषि अ भि यां त्रि की महाविद्यालय रायपुर, डॉ. एसएस टूटेजा निदेशक विस्तार सेवाएं, महाविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्लेसमेंट सेल के अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### ड्रोन की तकनीकी बारिकीयां जानी

संपूर्ण प्रशिक्षण ट्रेनर सुभाशीष पटनायक द्वारा तीन दिन प्रतिभागियों को कलश वेंचर्स के ट्रेनर्स ने ड्रोन के हार्डवेयर, कृषि में उपयोगिता और इसमें व्यवसाय खड़ा करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। कौशल प्रशिक्षण के चौथे, पांचवे एवं छठे दिन प्रतिभागियों ने ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में ड्रोन उड़ाना सीखा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों का लिखित मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीतीश तिवारी, डॉ. रामा मोहन सावू एवं डॉ. शुभा बैनर्जी ने किया।
























जीवेत शरदः शतम्
छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर की ओर से
मान. श्री मोतीलाल साहू जी
(विधायक रायपुर ग्रामीण)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
09
अगस्त
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ रायपुर
धीरेन्द्र वर्मा
विनीत: दीपक अग्रवाल,तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)


9 अगस्त
रायपुर ग्रामीण विधानसभा के
लोकप्रिय विधायक
माननीय
मोतीलाल
साहू जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
सुषमा तिलक साहू
पार्षद, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54
तिलक प्रसाद साहू
उपाध्यक्ष, रायपुर ग्रामीण मंडल
राज गायकवाड़
अध्यक्ष, भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल
ऋषि साहू
छाया पार्षद
विनीत - मित्र मंडल बोरियाखुर्द रायपुर